रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-19062024-254799
CG-DL-E-19062024-254799

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 159] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 14, 2024/ज्येष्ठ 24, 1946
No. 159] NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 14, 2024/JYAISHTHA 24, 1946

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

(व्यापार उपचार महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 जून, 2024

अंतिम जांच परिणाम

मामला संख्याः सीवीडी (एसएसआर) 10/2023

विषय: चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "एट्राजाइन टेक्निकल" के आयातों पर लागू प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की निर्णायक समीक्षा जांच।

क. मामले की पृष्ठभूमि

फा. सं. 07/26/2023-डीजीटीआर—1. मेघमनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जिसे यहां आगे आवेदक अथवा एमआईएल भी कहा गया है) ने निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिन्हें यहां आगे प्राधिकारी भी कहा गया है) के समक्ष चीन जन.गण. (जिसे यहां आगे संबद्ध देश भी कहा गया है) से एट्राजाइन टेक्निकल (जिसे यहां आगे "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "संबद्ध वस्तु" भी कहा गया है) के आयातों पर लागू सब्सिडी रोधी शुल्क को जारी रखने और बढाने के लिए निर्णायक समीक्षा जांच की शुरूआत करने के लिए घरेलू उद्योग की ओर से एक आवेदन प्रस्तुत किया है ।

2. चीन जन.गण. से एट्रसजाइन टेक्निकल के आयातों संबंधी सब्सिडीरोधी जांच दिनांक 27 अगस्त, 2018 की अधिसूचना सं. 06/19/2018-डीजीएडी के माध्यम से शुरू की गई थी । विस्तृत जांच के बाद प्राधिकारी का निष्कर्ष था कि चीन की सरकार द्वारा संबद्ध वस्तु के उत्पादकों को दी गई सब्सिडी प्रतिसंतुलन योग्य है और चीन जन.गण. से निर्यातित संबद्ध वस्तु सब्सिडी वाली कीमतों पर है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है । अत: प्राधिकारी ने दिनांक 22 अगस्त, 2019 की अधिसूचना सं. 06/19/2018-डीजीएडी के माध्यम से चीन जन.गण. से संबद्ध वस्तु के अयातों पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाने की की सिफारिश की थी । वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 17 सितंबर, 2019 की अधिसूचना सं. 3/2019-सीमाशुल्क (सीवीडी) के माध्यम से निश्चयात्मक उपाय लगाए गए थे ।

3. सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9 (6) और सीमाशुल्क टैरिफ नियमावी 1995 के नियम 24(3) के अनुसार लागू प्रतिसंतुलनकारी शुल्क को यदि पहल न हटाया जाए तो वह उसे लगाए जाने की तारीख से 5 वर्ष की समाप्ति पर निष्प्रभावी हो जाता है और प्राधिकारी के लिए यह समीक्षा करना आवश्यक है कि क्या ऐसे प्रतिसंतुलनकारी शुल्क की समाप्ति से सब्सिडी प्राप्त आयातों के जारी रहने या पुनरावृति की संभावना है । इसके अनुसार, प्राधिकारी के लिए घरेलू उद्योग द्वारा या उसकी ओर से किए गए विधिवत रूप से साक्ष्यांकित अनुरो◌ा के आधारपर यह समीक्षा करना अपेक्षित है कि क्या प्रतिसंतुलनकारी शुल्क को जारी रखने की आवश्यकता है और क्या ऐसे शुल्क की समाप्ति से सब्सिडीकरण और क्षति के जारी रहने तथा पुनरावृति की संभावना है ।

4. आवेदक ने अधिनियम और नियमावली के अनुसार घरेलू उद्योग की ओर से यह आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित एट्राजाइन टेक्निकल के आयातों से संबंधित निर्णायक समीक्षा जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है ।

5. आवेदक ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों के विरुद्ध प्रतिकारी शुल्क के विरूद्ध प्रतिसतुलनकारी शुल्क को बढ़ाने की मांग की है। यह अनुरोध इस आधारित है कि प्रतिसंतुलनकारी शुल्क समाप्त होने से देश में संबद्ध वस्तुओं के सब्सिडी प्राप्त आयातों के जारी रहने और घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति होने की संभवना है ।

6. घरेलू उद्योग की ओर से प्रस्तुत, चीन जन.गण. के आयातों के कारण सभी सब्सिडीकरण और क्षति की संभावना के प्रथम दृष्टया साक्ष्य के साथ विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन के आधार पर, प्राधिकारी ने नियमावली के अनुसार संबद्ध जांच की शुरूआत करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित अधिसूचना संख्या 7/26/2023-डीजीटीआर दिनांक 29 दिसंबर 2023 के माध्यम से एक सार्वजनिक सूचना जारी की ताकि संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु पर लागू सब्सिडी-रोधी शुल्क को जारी रखने की की समीक्षा की जा सके और इस बात की जांच की जा सके कि क्या ऐसे शुल्क की समाप्ति से सब्सिडीकरण और घरेलू उद्योग को को क्षति जारी रहने की संभावना है।

7. वर्तमान समीक्षा के दायरे में अधिसूचना संख्या फा. सं. 6/19/2018-डीजीएडी दिनांक 22 अगस्त 2019 के माध्यम से जारी अंतिम जांच परिणाम के सभी पहलु शामिल हैं।

ख. प्रक्रिया

8. संबद्ध समीक्षा के संबंध में प्राधिकारी द्वारा नीचे वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

i. प्राधिकारी ने अधिसूचना संख्या 7/26/2023-डीजीटीआर दिनांक 29 दिसंबर 2023 के माध्यम से संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों पर सब्सिडी-रोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा शुरू करते हुए भारत के राजपत्र असाधारण में एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की ।

ii. प्राधिकारी ने सब्सिडी और प्रतिसंतुलनकारी उपाय संबंधी डब्ल्यूटीओ करार जिसे आगे (एएससीएम कहा गया है) के अनुसार चीन की सरकार (जिसे आगे "जीओसी" कहा गया है) को आरंभिक विचार विमर्श के लिए के लिए अवसर प्रदान किया था। प्रतिनिधियों के साथ 27 दिसंबर 2023 को विचार-विमर्श बैठक रखी गई थी । तथापि, चीन की सरकार ने विचार-विमर्श बैठक में भाग नहीं लिया । अत: प्राधिकारी ने संबद्ध निर्णायक समीक्षा जांच की शुरूआत करने की कार्रवाई की ।

iii. प्राधिकारी ने संबंधित नियमावली के नियम 7(3) के अनुसार भारत में चीन के दूतावास के जरिए जीओसी के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों, और अन्य हितबद्ध पक्षकारों, जिन्होंने लिखित में अनुरोध किया था, को आवेदन के अगोपनीय अंश की प्रति उपलब्ध कराई थी । आवेदन के अगोपनीय अंश की एक प्रति अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी दी गई थी ।

iv. प्राधिकारी ने संबद्ध देश में ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों, जीओसी और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नियमावली के नियम 7(4) के अनुसार, निर्णायक समीक्षा जांच की शुरूआत करते हुए सार्वजनिक सूचना की एक प्रति और जांच शुरूआत अधिसूचना में विहित समय सीमा या बढ़ाई गई समय-सीमा के भीतर विहित ढंग और प्रपत्र में प्रश्नावली का उत्तर देने और लिखित में अपने विचारों से अवगत कराने का अवसर दिया।

v. प्राधिकारी ने निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को अधिसूचना की प्रतियां भेजी थीं :

क. झेजियांग झोंगशान केमिकल इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी लिमिटेड

ख. शेडोंग कियाओचांग केमिकल कंपनी लिमिटेड

ग. शेडोंग वेफ़ांग रेनबो केमिकल कंपनी लिमिटेड

घ. सिनोचेम इंटरनेशनल क्रॉप केयर ओवरसीज पीटीई लिमिटेड

ड.. विलोवुड हांग्जो कंपनी लिमिटेड

च. हेबै बेस्टर कॉमर्स एंड ट्रेड कंपनी लिमिटेड

छ. शेडोंग बिनॉन्ग टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड

ज. हांग्जो कैयी केमिकल्स कंपनी लिमिटेड

vi जीओसी से भारत में उनके दूतावास के माध्यम से अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को विहित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह देने का अनुरोध किया गया था।

vii. संबद्ध देश से निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है: क. ज़ियांगशुई झोंगशान बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड ख. झेजियांग झोंगशान केमिकल्स इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी लिमिटेड

क. जियांगसुई झोंगशान बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड।

ख. झेजियांग झोगशान कैमिकल्स इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी लिमिटेड

viii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तु के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं से आवश्यक सूचना मंगाने के लिए को आयातक प्रश्नावली भेजी थी:

क. अदामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

ख. एग्रो पैक

ग. धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड

घ. पीआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड

ड. रैलिस इंडिया लिमिटेड

च. ट्रॉपिकल एग्रोसिस्टम (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

ix. अधिसूचना और प्रश्नावली का उत्तर देने केअनुरोध के जवाब में, निम्नलिखित आयातकों या उपभोक्ताओं ने इस जांच में पंजीकृत हितबद्ध पक्षकार के रूप में भाग लिया :

क. कृषि रसायन एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड.

x. तथापि, उसने प्रयोक्ता/आयातक प्रश्नावी या आर्थिक हित प्रश्नावली का उथ्तर नहीं दिया और मौखिक सुनवाई के दौरान प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।

xi. इसके अलावा, निम्नलिखित पक्षकारों ने जांच शुरूआत अधिसूचना के उत्तर में अनुरोध प्रस्तुत किए हैं:

क. चाइना क्रॉप प्रोटेक्शन इंडस्ट्री एसोसिएशन (सीसीपीआईए)

xii. प्राधिकारी ने जीओसी के दूतावास, सभी ज्ञात निर्यातकों, आयातकों और घरेलू उद्योग को एक आर्थिक हित प्रश्नावली जारी की थी। आर्थिक हित प्रश्नावली को रसायन और पैट्रोरसायन विभाग (डीसीपीसी), रसायन और उर्वरक मंत्रालय के साथ भी साझा भी किया गया था। आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर केवल घरेलू उद्योग ने प्रस्तुत किया।

xiii. हितबद्ध पक्षकारों की सूची डीजीटीआर की वेबसाइट पर इस अनुरोध के साथ अपलोड की गई थी कि वे अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने अनुरोधों के अगोपनीय अंश ईमेल कर दें।

xiv. वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ लिए जांच की अवधि (पीओआई) जुलाई 2022 - जून 2023 (12 महीने) की है। क्षति अवधि में 2019-20, 2020-21, अप्रैल 2021 से जून 2022 (15 महीने) और जांच की अवधि शामिल होगी।

xv. सिस्टम महानिदेशालय से जांच अवधि (पीओआई) सहित क्षति अवधि के लिए संबद्ध वस्तुओं के आयात के आंकड़ों की मांग की गई थी जो प्राधिकारी को प्रापत हुए । प्राधिकरण ने सौदों की आवश्यक जांच के बाद आगे के विश्लेषण के लिए डीजी सिस्टम के आंकड़ों पर भरोसा किया है।

xvi. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर और सामान्यत: स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) को ध्यान में रखते हुए, भारत में संबद्ध वस्तुओं की ईष्टतम उत्पादन लागत और उसे बनाने और बेचने की लागत के आधार पर क्षति रहित कीमत (एनआईपी) ज्ञात की गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या सब्सिडी मार्जिन से कम प्रतिसंतुलनकारी शुल्क घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

xvii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान किए गए आंकड़ों का वर्तमान जांच के लिए आवश्यक समझी गई सीमा तक सत्यापन किया गया था। प्राधिकारी ने वर्तमान मामले के अपने विश्लेषण में हितबद्ध पक्षकारों के सत्यापित आंकड़ों पर विचार किया है।

xviii. प्राधिकारी ने नियम 7(6) के अनुसार 12 मार्च 2024 को आयोजित मौखिक सुनवाई में हितबद्ध पक्षकारों को मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया था । मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से मौखिक रूप से व्यक्त विचारों के लिखित अनुरोध और उसके बाद खंडन अनुरोध, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया।

xix. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों, दिए गए तर्कों और जांच के दौरान विभिन्न हितबबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रदत्त सूचना की वर्तमान जांच से उनके संगत होने और साक्ष्य द्वारा समर्थित होने की सीमा तक जांच की गई थी और इस अंतिम जांच परिणाम में प्राधिकारी ने उचित ढंग से उन पर विचार किया है ।

xx. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना का गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहां भी संभव हो, वहां गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

xxi. जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना देने से मना किया है या उसे समय पर उपलब्ध नहीं कराया है, या जांच में अत्यधिक बाधा डाली है, वहां प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों पर विचार किया है।

xxii. इस अधिसूचना में *** चिन्ह किसी पक्ष द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई और नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा गोपनीय मानी गई सूचना को दर्शाता है।

xxiii. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = ₹ 82.39 है ।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

9. विचाराधीन उत्पाद एट्राजाइन टेक्निकल (जिसे आगे एट्राजाइन भी कहा गया है) है। यह एक गंधहीन सफेद पाउडर होता है, जिसका प्रयोग केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड (सीआईबी) द्वारा यथा अनुमोदित विभिन्न प्रकार की विनिर्मितियों

को बनाने में किया जाता है। एट्राजीन विनिर्मितियों का प्रयोग फसलों, सदाबहार वृक्षों के फार्म, सदाबहार वनों की वृद्धि के लिए किया जाता है और फसल भूमि पर इसका छिड़काव होता है । इसका उपयोग राजमार्गों और रेलमार्गों के किनारे खरपतवारों को बढ़ने से रोकने के लिए भी होता है।

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

10. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के बारे में कोई अनुरोध नहीं किया है।

ग.2 घरेलू उद्योग के विचार

11. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के बारे में आवेदक द्वारा किए गए अनुरोध इस प्रकार हैं:

i. विचाराधीन उत्पाद का दायरा वही है जो मूल जांच में था।

ii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तुओं और संबद्ध देश से निर्यातित संबद्ध वस्तुओं में कोई अंतर नहीं है।

iii. पूर्ववर्ती जांच में प्राधिकारी द्वारा कोई पीसीएन पद्धति नहीं अपनाई गई थी।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु संबद्ध देश के उत्पादकों द्वारा निर्यात की जा रही वस्तुओं के समान वस्तु हैं।

ग.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

12. मूल जांच में विचाराधीन उत्पाद निम्नानुसार परिभाषित किया है:

''11. विचाराधीन उत्पाद "एट्राजाइन टेक्निकल" है, जो जो विभिन्न टैरिफ उपशीर्ष संख्याओं 38089199, 38089390 और 38089990 के अंंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है। एट्राजाइन का वैज्ञानिक नाम 6-क्लोरो-एन-इथाइलएन' – (1-मिथाइलएथाइल)-ट्राइएजाइन-2, 4-डायमिन है।

एट्रेजाइन टेक्निकल को आम तौर पर खरपतवारनाशी के रूप में प्रयोग किया जाता है । यह एक ऐसीसमीक्राइटाइजाइन हबीसाइड है जिसे खरपतवार और घास-पात के व्यापक रूप से बढने को पहले और बाद में नियंत्रित करने के लिए प्रयोग किया जाता है । शुद्ध एट्राइजान एक गंध रहित सफेद पाउडर होता है, जो अधिक अस्थिर, प्रतिक्रियाशील, या ज्वलनशील नहीं होता है। इसे रसायान कारखाने में प्रयोगशाला के जरिए सिंसेथाइड किया जाता है और यह प्राकृतिक रूप से ऐसा नहीं बनता है। इसे अधिकांशत: खेती में गन्ना, मकई, अनानास, सोरगम, और मकेडामिया की फसलों पर प्रयोग किया जाता है और इसे राजमार्ग और रेल मार्ग पर खरपतवार को रोकने के लिए भी प्रयोग किया जाता है। इसे फसलों के बढने से पहले फसल भूमि पर स्प्रे किया जा सकता है ।

12. एट्राज़िन टेक्निकल को एक प्रतिबंधित-उपयोग कीटनाशक (आरयूपी) के रूप में नामित किया गया है, और यह आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं है। आरयूपी, कानून के अनुसार, केवल सीधे पर्यवेक्षण के अंतर्गत प्रमाणित आवेदकों या व्यक्तियों को बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, और यह केवल आवेदक के प्रमाणीकरण में शामिल प्रयोजन के लिए होता है । यह विभिन्न नामों से जाना जाता है जैसे कि

क. 6-क्लोरो-एन-एथिल-एन '- (1- मिथाइलइथाइल) -ट्रायजिन-2,4-डायमिन;

ख. 2-क्लोरो 4-इथाइलामिनो-6-आइसोप्रोपाइलामाइन- ट्रायजिन;

ग. 2-क्लोरो 4- (इथाइलामिनो) -6- (आइसोप्रोपाइलामाइन) -एस- ट्रायजिन;

घ. 2-क्लोरो 4- (इथाइलामिनो) -6- (आइसोप्रोपाइलामाइन) - ट्रायजिन;

ड़. क्लोरो 4- (प्रोपिलामिनो) -6- इथाइलामिनो -एस- ट्रायजिन;

च. क्लोरो -4- (प्रोपेलामिनो) -6-एथिलामिनो-एस-ट्रायज़िन, आदि

इसके दायरे में विचाराधीन उत्पाद के सभी समानार्थी शामिल हैं।

13. जांच शुरूआत अधिसूचना में, प्राधिकारी ने निम्नानुसार नोट किया था:

''5. *वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "एट्रसजाइन टेक्निकल" (जिसे यहां आगे ''एट्राजाइन अथवा ''विचाराधीन उत्पाद'' भी कहा गया है) है।*

6. चूंकि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है, इसलिए विचाराधीन उत्पाद का दायरा मूल जांच में यथापरिभाषित के समान रहेगा।

7. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद सीमाशुल्क अधिनियम की अनुसूची -1 के अध्याय 38 के अंतर्गत उपशीर्ष 38089199, 38089390 और 38089990 के अधीन वर्गीकृत किया जा सकता है। सीमाशुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और वर्तमान जांच के दायरे में किसी भी प्रकार से बाध्यकारी नहीं है।

14. संबद्ध वस्तुओं को प्रतिबंधित उपयोग के कीटनाशी (आरयूपी) माना जाता है। तदनुसार, इसे केवल पंजीकृत केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड (सीआईबी) विनिर्माता और वितरक द्वारा बेचा जा सकता है। किसी आयातक के पास संबद्ध वस्तु के आयात के लिए सीआईबी से आयात आयात लाइसेंस होना अनिवार्य है। सीआईबी पंजीकरण के बिना आयातित किसी भी उत्पाद को निषिद्ध माना जाएगा और कानून के उल्लंघन के लिए सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा उसे जब्त किया जा सकता है। इसके अलावा, संबद्ध वस्तु का आयात सीआईबी नियमावली के नियम 45 के अनुसार, कतिपय पत्तनों तक ही सीमित है।

15. प्राधिकारी रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना से यह नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद चीन से आयातित वस्तुओं के समान वस्तु है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और चीन से आयातित वस्तु तकनीकी विनिर्देशों, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के टैरिफ वर्गीकरण के की दृष्टि से तुलनीय हैं। ये दोनों तकनीकी और व्यावसायिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। तदनुसार, प्राधिकारी आवेदकों द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु को संबद्ध देश से आयात की जा रही संबद्ध वस्तु के समान वस्तु निर्धारित करते हैं।

घ. घरेलू उद्योग का दायरा और स्थिति

घ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

16. घरेलू उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए हैं।

क. आवेदक ने विदेशी उत्पादकों, यदि कोई हो, भारतीय उत्पादक के ब्यौरे और अन्य भारतीय उत्पादकों के उत्पादन के ब्यौरे उपलब्ध नहीं कराए हैं।

घ.2 घरेलू उद्योग के विचार

17. उद्योग के दायरे और स्थिति के संबंध में जांच की प्रक्रिया के दौरान घरेलू आवेदक ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. देश में संबद्ध वस्तु के चार उत्पादक हैं।

ख. आवेदक के पास कुल भारतीय उत्पादन का ***% हिस्सा है।

ग. आवेदक के पास एसईजेड क्षेत्र में एक संयंत्र है, जिसके लिए आंकड़े उपलब्ध नहीं दिए गए हैं क्योंकि मूल जांच में, प्राधिकारी ने नोट किया था कि एसईजेड की इकाई को घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं माना जा सकता है।

घ. आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है और वह किसी देश में उत्पाद के किसी निर्यातक या आयातक से संबंधित नहीं है।

घ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

18. प्रतिसंतुलनकारी शुल्क नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:-

"घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित सब्सिडी प्रापत पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।

19. यह आवेदन मेघमनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा दायर किया गया था। आवेदक के अलावा, भारत में संबद्ध वस्तु के तीन अन्य उत्पादक हैं। अन्य उत्पादकों के उत्पादन का अनुमान आवेदक द्वारा बाजार सूचना के आधार पर लगाया गया है।

विवरण	इकाई	पीओआई
आवेदक	%	**60-70%**
मेघमनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड	%	***
अन्य उत्पादक	%	**30-40%**
इनसेक्टीसाइड इंडिया लिमिटेड	%	***
जीएसपी क्रॉप लाइफ साईंस लिमिटेड	%	***
बेस्ट एग्रोचैम प्राइवेट लिमिटेड	%	***
कुल भारतीय उत्पादन	**%**	**100%**

20. यह नोट किया जाता है कि आवेदक का एसईजेड क्षेत्र में एक संयंत्र है। तथापि, जैसा कि मूल जांच में माना गया था, आवेदक की एसईजेड इकाई को घरेलू उद्योग का हिस्सा नहीं माना गया है।

21. आवेदक के पास कुल घरेलू उत्पादन का प्रमुख हिस्सा है। यह भी नोट किया जाता है कि आवेदक संबद्ध वस्तुओं के किसी निर्यातक या आयातक से संबंधित नहीं है और उसने विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है। अत: , प्राधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि आवेदक सीवीडी नियमों के नियम 2(ख) के तहत घरेलू उद्योग है और आवेदन नियम 6(3) के अंतर्गत स्थिति की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

ड. गोपनीयता

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

22. गोपनीयता के मुद्दों के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. याचिका के अगोपनीय अंश में नियम 7 और व्यापार नोटिस संख्या 1/2013 दिनांक 9 दिसंबर 2013 की अपेक्षाओं को पूरा नहीं किया गया है।

ख. आवेदक ने खंड -VI में अपेक्षित सूचना नहीं दी है और औचित्य बताए बिना ऐसी सूचना के गोपनीय होने का दावा किया है ।

ग. वार्षिक रिपोर्ट के गोपनीय होने का दावा किया गया है, परंतु यह ऑनलाइन उपलब्ध है और शुल्क के भुगबतान पर एमसीए पोर्टल पर उपलब्ध है।

ड.1 घरेलू उद्योग के विचार

23. गोपनीयता के मुद्दों के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. घरेलू उद्योग ने नियम 7 और व्यापार सूचना 1/2013 द्वारा यथाअपेक्षित अगोपनीय अंश उपलब्ध कराया है।

ख. खंड VI में दी गई सूचना व्यापार स्वामित्व की सूचना से संबंधित है । उसे हितबद्ध पक्षकारों को नहीं बताया जा सकता है।

ग. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने स्वयं वित्तीय विवरणों के गोपनीय होने का दावा किया है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

24. सूचना की गोपनीयता के संबंध में प्रतिसंतुलनकारी शुल्क नियमावली के नियम 8 में निम्नलिखित प्रावधान है :

"गोपनीय सूचना। (1) नियम 7 के, उपनियम (1), (2), (3) और (7), नियम 14 का उप नियम (2), नियम 17 का उपनियम (4) और नियम 19 का उपनियम (3) में निहित किन्हीं तथ्यों के बावजूद, नियम 6 के उप नियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों अथवा जांच की प्रक्रिया में किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को उपलब्ध कराई गई कोई अन्य सूचना की प्रतियों को निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा इसकी गोपनीयता के संबंध में संतुष्ट होने पर इसके द्वारा ऐसा माना जायेगा और इस प्रकार की किसी सूचना को ऐसी सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकार के विशिष्ट अधिकरण के बिना किसी अन्य पक्षकार को प्रकट नहीं किया जायेगा।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय आधार पर सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकारों को यह कह सकते हैं कि वे गोपनीय सूचना के तथ्य को उचित तरीके से समझने की अनुमति देने के लिए पर्याप्त विवरण में उसका अगोपनीय सार प्रस्तुत करें और यदि ऐसी सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकार की राय में, इस प्रकार की सूचना का सारांश

नहीं किया जा सकता है तब ऐसे पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को उन कारणों का विवरण प्रस्तुत कर सकते हैं कि क्यों संक्षेपण संभव नहीं है।

(3) उपनियम (2) में निहित किसी बात के होते हुए भी, यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता के लिए अनुरोध आवश्यक नहीं है अथवा इस सूचना का आपूर्तिकर्ता सूचना को सार्वजनिक करने के लिए या तो इच्छुक नहीं है अथवा सामान्य या सारांश रूप में इसके प्रकटन का अधिकार देने के लिए इच्छुक नहीं है, तब यह इस प्रकार की सूचना की उपेक्षा कर सकता है।"

25. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना का गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां आवश्यक हो गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उसका प्रकटन नहीं किया गया है। जहां भी संभव हो, वहां गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना का अगोपनीय अंश प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

च. सब्सिडी और सब्सिडी मार्जिन का निर्धारण

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

26 अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सब्सिडी और सब्सिडी मार्जिन मुद्दे के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. प्राधिकारी को यह न्यायसंगत बताना चाहिए कि (क) क्या उन्होंने सब्सिडीकरण के संबंध में साक्ष्यों की पर्याप्तता और सटीकता का आकलन किया है; और (ख) वह आधार जिस पर उन्होंने माना है कि याचिका में प्रत्येक आरोपित सब्सिडी के लिए पर्याप्त और सटीक सूचना दी गई है।

ii. प्राधिकारी ने उन कार्यक्रमों के संबंध में जांच शुरू की है जिनके लिए याचिकाकर्ता के पास उचित आरोप भी नहीं है । याचिकाकर्ता ने प्रतिसंतुल योग्य सब्सिडी वाले तीन तत्वों, की मौजूदगी अर्थात् (क) वित्तीय अंशदान, (ख) लाभ, और (ग) विशिष्टता को सिद्ध नहीं किया है।

iii. आवेदक द्वारा आरोपित अधिकांश सब्सिडियां बिना किसी वास्तविक साक्ष्य के केवल दावे हैं।

iv. उन्हीं सब्सिडियों के विचाराधीन उत्पाद पर लागू होने का आरोप लगाया गया है जैसे कॉपर ट्यूब और पाइप और इनके लिए कोई पर्याप्त साक्ष्य नहीं दिया गया है ।

ड.2 घरेलू उद्योग के विचार

27. सब्सिडी और सब्सिडी मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं जो दर्शाते हैं कि संबद्ध देशों में संबद्ध वस्तुओं के निर्यातकों/उत्पादकों/उनके संबद्ध लोगों को चीन की सरकार द्वारा विभिन्न प्रतिसंतुलन योग्य सब्सिडी कार्यक्रमों का लाभ मिला है, जो सामान्य निर्यातकों/उत्पादकों के लिए उपलब्ध नहीं हैं और एएससीएम तथा सीवीडी नियम के अंतर्गत कार्रवाई योग्य हैं।

ii. प्राधिकारी संबद्ध कंपनियों की सूचना मंगा सकते हैं ।

iii. कुछ स्कीमों के अंतर्गत लाभ गैर-आवर्ती हैं और उनकी चीन में संबद्ध वस्तुओं के लिए औसत प्रयोग अवधि के संबंध में जांच की जानी चाहिए।

iv. चीन में संबद्ध उत्पाद में प्रयुक्त मशीनरी कीऔसत उपयोगी जीवन 10 वर्ष है।

v. निविष्टियों पर आयात शुल्क से छूट निर्यातित उत्पादों के लिए है और यह प्रतिसंतुलन योग्य नहीं है तथा छूटों को केवल निर्यातित उत्पाद के उत्पादन पर दिया जाता है ।

vi. चीन की सरकार के पास निर्यातित उत्पाद के लिए खपत की गई निविष्टियों की पुष्टि करने के लिए एक प्रणाली होगी । यदि ऐसी कोई प्रणाली मौजूद नहीं है या कारगर रूप से लागू नहीं की जाती है, तो उससे छूट की संपूर्ण राशि का प्रतिसंतुलन योग्य हो जाएगी ।

vii. चीन की सरकार ने कोई उत्तर नहीं किया है/न ही कोई सार्थक सूचना दी है। केवल सरकार इस बारे में विस्तृत सूचना दे सकती है कि क्या स्कीम प्रतिसंतुलन योग्य है अथवा नहीं। प्रतिवादी निर्यातक केवल सूचना दे सकता है कि उसे लाभ प्राप्त हुए हैं अथवा नहीं ।

viii. अन्य क्षेत्राधिकारों में जहां निर्यातक देश की सरकार सहयोग नहीं करती है, जाँच कर्ता प्राधिकारी उपलब्ध तथ्यों पर भरोसा करते हैं और स्कीमों की प्रतिसंतुलन योग्यता निर्धारित करते हैं।

ix. प्रतिवादी उत्पादक की एक संबंधित कंपनी जिसने मूल जाँच में भाग लिया था, ने वर्तमान जाँच में उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है।

x. प्रतिवादी उत्पादक द्वारा प्रस्तुत उत्तर को अस्वीकृत करना चाहिए क्योंकि प्राप्त सब्सिडियों का पूरा ब्यौरा संबद्ध कंपनी की भागीदारी के बिना नहीं मिल सकता है ।

xi. उत्पादक ने संगत सूचना छिपाई है और पूरा उत्तर देने में विफल रहा है, जिससे उसके उत्तर को अस्वीकार करना उचित है।

xii. उत्पादक ने खंड II के लिखित प्रपत्र की पूरी तरह अनदेखी की है और सभी स्कीमों संबंधी सूचना नहीं दी है और यह नहीं बताया है कि वह उनके लिए वे कैसे पात्र है ।

xiii. यह स्पष्ट नहीं है कि झेजियांग झोंगशान नेसब्सिडी का लाभ लिया है जिसके लिए वह अयोग्य था।

xiv. प्राधिकारी को उपलब्ध सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सब्सिडी मार्जिन की राशि बतानी चाहिए।

xv. निर्यातकों ने यह नहीं बताया है कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना या साक्ष्य सही नहीं है। घरेलू उद्योग ने जांच शुरूआत के लिए अपेक्षित पर्याप्त सूचना दी है ।

xvi. निर्यातकों ने ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं दर्शाया है जो (क) वित्तीय अंशदान, (ख) लाभ और (ग) विशिष्टता को शामिल करता हो ।

xvii. घरेलू उद्योग ने कहीं भी यह आरोप नहीं लगाया है कि कॉपर ट्यूब और पाइप के उत्पादकों के लिए उपलब्ध स्कीम संबद्ध वस्तुओं के उत्पादकों के लिए लागू है ।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

28. घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत आवेदन में संबद्ध वस्तु पर संबद्ध देश में प्रतिसंतुलन योग्य सब्सिडियों की मौजूदगी का पर्याप्त प्रथम दृष्टया साक्ष्य दिया गया है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि लिखित पत्र के माध्यम से चीन की सरकार को पर्याप्त अवसर दिया गया था और आवेदक द्वारा बताई गई विभिन्न सब्सिडी स्कीमों की मॉजूदगी प्रचालन और प्रशासन से संबंधित संगत सूचना देने के लिए परामर्श का अवसर दिया गया था जो इन स्कीमों के अंतर्गत चीन के उत्पादकों:निर्यातकों द्वारा उपलब्ध ला ाभों तथा डब्ल्यू टी ओ एएसपीएम और भारतीय नियमावली के तहत उनकी प्रतिसंतुलन योग्याता दर्शाती हो चीन सरकार ने न तो प्रश्नावली का उत्तर दिया और न ही विभिन्न सब्सिडी स्कीमों से संगत कोई सूचना प्रदान की है । चीन की सरकार ने इस प्रकार वर्तमान जांच में प्राधिकारी से सहयोग नहीं किया है। चूंकि चीन सरकार ने अपेक्षित सहयोग नहीं दिया है, इसलिए प्राधिकारी इस जांच में उपलब्ध जानकारी के अनुसार कार्रवाई करने को बाध्य हैं।

29. प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर वर्तमान जांच शुरू की गई थी। जांच शुरूआत के बाद, चीन की सरकार और चीन जन.गण. से एट्राजीन टेक्निकल के उत्पादकों/निर्यातकों को विहित प्रपत्र और ढंग से प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दी गई थी और कथित सब्सिडी कार्यक्रम की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव के संबध में सत्यापन योग्य साक्ष्य देने का पर्याप्त समय और अवसर दिया गया था ताकि ताकि ऐसी सब्सिडियों, यदि कोई हों, की मौजूदगी औश्र मात्रा का समुचित निर्धारण किया जा सके । प्राधिकारी ने उत्तर प्रस्तुत करने के लिए प्रतिवादी उत्पादकों/निर्यातकों को 22 फरवरी 2024 तक का अतिरिक्त समय दिया था । इसके अलावा, प्राधिकारी ने दिनांक 2 अप्रैल 2024 और 14 मई, 2024 को कमी संबंधी पत्र भी जारी किए, जिनमें प्रतिवादी उत्पादकों/ निर्यातकों से स्पष्टीकरण/ नहीं दी गई सूचना का अनुरोध किया गया था ताकि निर्यातक प्रश्नावली के उनके उत्तर में प्रदत्त कतिपय सूचना मंगाई जा सके ।

30. चीन जन.गण. के संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों जिनमें से सभी एक दूसरे से संबंधित हैं, ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है।

i. मैसर्स झेजियांग झोंगशान केमिकल इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी लिमिटेड (झेजियांग)

ii. मेसर्स जियांगशुई झोंगशान बायोसाइंस कंपनी लिमिटेड (जियांगशुई)

31. प्राधिकारी ने उपर्युक्त उत्पादक और निर्यातक द्वारा दायर किए गए प्रश्नावली के उत्तर की जांच की। यह नोट किया गया कि जवाब देने वाले उत्पादक और निर्यातक प्राधिकरण द्वारा निर्धारित रूप और तरीके से प्रतिक्रिया प्रदान करने में विफल रहे। इसके अलावा, प्रत्युत्तर देने वाले उत्पादक और निर्यातक द्वारा प्रदान की गई कार्यक्रम-वार सूचना केवल उत्पादक और निर्यातक द्वारा प्राप्त की जा रही सब्सिडी स्कीमों के संबंध में है। इसलिए, जहां कहीं भी प्रत्युत्तर उत्पादक और निर्यातक द्वारा दायर किया गया उत्तर अपर्याप्त पाया गया, प्राधिकरण को मूल जांच में प्राधिकरण के निष्कर्षों के साथ-साथ जांच के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान की गई सूचना/साक्ष्य सहित रिकार्ड पर उपलब्ध तथ्यों पर भरोसा करने के लिए बाध्य किया जाता है।

32. घरेलू उद्योग ने यह आरोप लगाया है कि संबद्ध वस्तुओं के चीन के उत्पादकों/निर्यातकों को सरकार के विभिन्न स्तरों के निम्नलिखित कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रतिसंतुलनकारी सब्सिडी प्राप्त हो रही है और उन्हें छ: बड़ी श्रेणियों: अनुदान, कर और मूल्यवर्धित कर प्रोत्साहन राशि, अधिमान्य कर्ज और ऋण देने/वित्त पोषण, निर्यात वित्त पोषण और निर्यात क्रेडिट, समुचित पारिश्रमिक से कम पर वस्तुओं का प्रावधान तथा इक्विटी डालने के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

च 3.1 जांच के अधीन सब्सिडी योजनाएं

33. आवेदक ने यह आरोप लगाया है कि संबद्ध देश में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादक/निर्यातक को प्रांतों और जिलों जिनमें उत्पादक/निर्यातक स्थित हैं, सहित संबद्ध देश की सरकार द्वारा विभिन्न स्तरों पर दी गई कार्य योग्य सब्सिडी से लाभ मिलना जारी है। आवेदक ने यह भी दावा किया है कि अतिरिक्त कार्यक्रम अथवा योजनाएं हैं जिन पर वर्तमान जांच में विचार किया जाना चाहिए। प्राधिकारी ने निम्नलिखित सब्सिडी कार्यक्रमों के लिए जांच की शुरुआत की जिनमें विचाराधीन उत्पाद के उत्पादकों को संभावित रूप से प्रतिसंतुलनकारणीय लाभ प्राप्त हुआ है।

i) समुचित पारिश्रमिक से कम पर वस्तु एवं सेवाओं के प्रावधान के रूप में पहचान की गई योजनाएं

क) कार्यक्रम सं 1: उचित पारिश्रमिक से कम के लिए पानी का प्रावधान

ख) कार्यक्रम सं 2: उचित पारिश्रमिक से कम पर दिया गया भूमि के उपयोग का आधार

ग) कार्यक्रम सं 3: एसओई के लिए भूमि के उपयोग का अधिकार

घ) कार्यक्रम सं 4: एलटीएआर पर विद्युत

ङ.) कार्यक्रम सं 5: एलटीएआर के लिए भूमि के उपयोग के आधार का प्रावधान- कुछ औद्योगिक और विशेष आर्थिक क्षेत्रों में भूमि के उपयोग का अधिकार

च) कार्यक्रम सं 6: एफआईई के लिए भूमि के उपयोग का अधिकार

छ) कार्यक्रम सं 72: एलटीएआर पर कच्चा माल

ii. इक्विटी डालने के रूप में कार्यक्रम

ज) कार्यक्रम सं 7: इक्विटी स्वैप्स के लिए कर्ज

झ) कार्यक्रम सं 8: भुगतान न किया गया लाभांश

ञ.) कार्यक्रम सं 9: इक्विटी डालना

ट) कार्यक्रम सं 10: ऋण माफ करना

ठ) कार्यक्रम सं 11: जिन एसओई का विलय अथवा पुनर्गठन हो रहा हो उनके लिए डीड कर छूट।

ड.) कार्यक्रम सं 12: योग्य रेजिडेंट उपक्रमों के बीच लाभांश की छूट

iii. निर्यात वित्त पोषण और निर्यात क्रेडिट के रूप में कार्यक्रम

ढ) कार्यक्रम सं 13: निर्यात विक्रेता का क्रेडिट

ण) कार्यक्रम सं 14: निर्यात क्रेता का क्रेडिट

त) कार्यक्रम सं 15: निर्यात क्रेडिट बीमा सब्सिडी

थ) कार्यक्रम सं 16: चीन की सरकार द्वारा निर्यात क्रेडिट गारंटी

द) कार्यक्रम सं 17: चीन के निर्यात-आयात से अधिमान्य निर्यात वित्त पोषण

iv. अधिमान्य कर्ज और ऋण देने के रूप में कार्यक्रम

ध) कार्यक्रम सं 18: अधिमान्य ऋण प्रदान करना

न) कार्यक्रम सं 19: एसओई के लिए अधिमान्य कर्ज

प) कार्यक्रम सं 71: निर्यात उन्मुख उपक्रमों के लिए छूट प्राप्त कर्ज और निर्यात कर्ज ब्याज सब्सिडी

V कर और मूल्यवर्धित कर प्रोत्साहन राशि के रूप में कार्यक्रम

फ) कार्यक्रम सं 20: अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) व्यय की कटौती के लिए कर नीतियां

ब) कार्यक्रम सं 21: एफआईई के अनुसंधान और विकास के लिए अधिमान्य कर नीतियां

भ) कार्यक्रम सं 22: घरेलू स्तर पर उत्पादन किए गए उपकरण की खरीद करने के लिए एफआईई के रास्ते मूल्यवर्धित कर प्रतिदाय

म) कार्यक्रम सं 23: उन कंपनियों, जो उच्च और नई प्रौद्योगिकी कंपनियों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं, के लिए अधिमान्य कर नीतियां

य) कार्यक्रम सं 24: व्यापक संसाधन उपयोग (विशेष कच्चा माल) में लगे हुए उपक्रमों के लिए आयकर रियायतें

कक) कार्यक्रम सं 25: विशेष उपकरण की खरीद से संबंधित कर क्रेडिट

खख) कार्यक्रम सं 26: कम से कम 10 वर्षों की अवधि तक प्रचालन करने के लिए सूचीबद्ध उत्पादक एफआईई के लिए घटाया गया कर दर।

गग) कार्यक्रम सं 27: प्रौद्योगिकी अथवा ज्ञान सघन एफआईई के लिए कर को कम करना।

घघ) कार्यक्रम सं 28: उन्नत प्रौद्योगिकी वाले एफआईई के लिए आयकर को कम करना कार्यक्रम सं 29: विदेशी निवेशकों द्वारा एफआईई लाभ को फिर से निवेश करने के लिए आयकर प्रतिदाय

चच) कार्यक्रम सं 30: तटीय आर्थिक खुले क्षेत्रों और आर्थिक तथा प्रौद्योगिकीय विकास क्षेत्रों में स्थापित एफआईई के लिए अधिमान्य कर नीतियां

छछ) कार्यक्रम सं 31: केन्द्रीय और पश्चिमी क्षेत्रों के लिए कर रियायतें

जज) कार्यक्रम सं 32: उत्तरपूर्वी क्षेत्र में उपक्रमों के लिए अधिमान्य आयकर नीति

झझ) कार्यक्रम सं 33: एफआईई और विदेशी उपक्रमों तथा कुछ घरेलू स्तर के स्वामित्व वाली कंपनियों जिनकी चीन में स्थापनाएं हैं तथा जो उत्पादन अथवा घरेलू स्तर पर उत्पादन किए गए उपकरणों की खरीद करने के व्यापार प्रचालनों में लगे हुए हैं, के लिए अधिमान्य कर नीतियां

ञञ) कार्यक्रम सं 34: उच्च प्रौद्योगिकी प्राप्त करने वाले तथा वाणिज्यीकरण परियोजनाओं के लिए शंघाई नगर कर प्रतिदाय

टट) कार्यक्रम सं 35: उत्पादक एफआईई के लिए स्थानीय आयकर तथा कटौती कार्यकर

ठठ) कार्यक्रम सं 36: ग्वांगडोंग और हायनान प्रायद्वीप में विशेष आर्थिक क्षेत्र में कटौती और/अथवा स्थानीय आयकर छूट

डड) कार्यक्रम सं 37: आयात किए गए वस्तुओं पर तथा विशेष आर्थिक क्षेत्र में उपकरण और अन्य निर्दिष्ट क्षेत्रों में छूट

ढढ) कार्यक्रम सं 38: विशेष आर्थिक क्षेत्र और अन्य निर्दिष्ट क्षेत्रों में कारपोरेट आयकर छूट और/अथवा उसको कम करना

णण) कार्यक्रम सं 39: विदेश में निवेशित निर्यात उपक्रमों के लिए अधिमान्य कर नीतियां

तत) कार्यक्रम सं 68: विशेष आर्थिक क्षेत्रों में (शंघाई प्यूडॉग क्षेत्र को छोड़कर) में स्थापित विदेश निवेश वाले उपक्रमों (एफआईई) के लिए अधिमान्य कर नीतियां

थथ) कार्यक्रम सं 69: चीन निर्मित उपकरण की खरीद करने वाले घरेलू स्तर के स्वामित्व वाली कंपनियों के लिए आयकर क्रेडिट

दद) कार्यक्रम सं 70: निर्यात कर छूट/निर्यात पर कर प्रतिदाय

vi. अनुदानों के रूप में कार्यक्रम

धध) कार्यक्रम सं 40: प्रसिद्ध ब्रांड कार्यक्रम/प्रसिद्ध ब्रांड उत्पादों के लिए प्रोत्साहन निधि

नन) कार्यक्रम सं 41: पाटनरोधी जांचों के लिए अनुदान

पप) कार्यक्रम सं 42: अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) सहायता अनुदान

फफ) कार्यक्रम सं 43: निर्यात सहायता अनुदान

बब) कार्यक्रम सं 44: शेयरों की लिस्टिंग के लिए अनुदान

भभ) कार्यक्रम सं 45: राजकोषीय और प्रौद्योगिकी अभिनवता के लिए प्रांतीय निधि के माध्यम से दिया गया अनुदान

मम) कार्यक्रम सं 46: निर्यात कंपनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार निधि

यय) कार्यक्रम सं 47: ऊर्जा बचत करने वाली प्रौद्योगिक सुधार के लिए विशेष निधि

ककक) कार्यक्रम सं 48: प्रमुख उद्योगों और अभिनवता प्रौद्योगिकियों का संवर्धन करने के लिए राज्य विशिष्ट निधि

खखख) कार्यक्रम सं 49: सुपर स्टार उपक्रम अनुदान

गगग) कार्यक्रम सं 50: ग्वांगडोंग प्रांत में उद्योगों के आउटवार्ड विस्तार के लिए निधियां

घघघ) कार्यक्रम सं 51: विदेश व्यापार के स्थायी विकास को बढ़ाने के लिए अनुदान-विशेष निधियां

ड.ड.ड.) कार्यक्रम सं 52: घरेलू और विदेश में आयोजित मेलों में भाग लेने के लिए झोंगसेम उपक्रमों के लिए भत्ता का निधि प्रबंधन का अंतरिम उपाय

चचच) कार्यक्रम सं 53: ट्रेजरी बांड्स कर्ज अथवा अनुदान

छछछ) कार्यक्रम सं 54: प्रांतीय सरकार/उपकरण अनुदान

जजज) कार्यक्रम सं 55: फ्यूयांग सिटी और हांगझाउ सिटी को दी जाने वाली विभिन्न अनुदान

i. करों में आरएमबी 10 मिलियन से अधिक भुगतान करने वाले उपक्रमों के लिए अनुदान

ii. उप-संविदा सेवा कार्यक्रम के निर्यात के अंतर्गत अनुदान

iii. उत्कृष्ट नया उत्पाद/प्रौद्योगिकी अवार्ड के अंतर्गत अनुदान

iv. प्रमुख उद्योगों के लिए फ्यूयांग सिटी सरकार से निवेश अनुदान

v. उन उपक्रमों के लिए अनुदान जो प्रचालन प्रौद्योगिकी और अनुसाधान एवं विकास केंद्र चला रहे हैं

vi. निर्यात क्रेडिट बीमा शुल्क पर स्थानीय और प्रांतीय सरकार प्रतिपूर्ति अनुदान

vii. हांगझाउ प्रीफैक्चर और सिटी ऑफ फ्यूयांग (झेजियांग प्रांत) और (अनहुई प्रांत) से इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) अनुदान

झझझ) कार्यक्रम सं 56: हेबेई प्रांत द्वारा दी जाने वाली अनुदान

i. हेबेई प्रांत की विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान

ii. शिजिआझुआंग सिटी सरकार निर्यात अवार्ड

ञञञ) कार्यक्रम सं 57: शांनडोंग प्रांत को दी जाने वाली विभिन्न अनुदान

i. प्रमुख उपक्रम प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना के लिए शानडोंग प्रांत विशिष्ट निधि

ii. प्रमुख ऊर्जा बचत प्रौद्योगिकी के औद्योगिकरण के लिए शानडोंग प्रांत अवार्ड निधि

iii. शानडोंग प्रांत की पर्यावरणीय संरक्षण उद्योग अनुसंधान और विकास निधियां

iv. शानडोंग प्रांत की कुछ उद्योगों के संवर्धन के लिए निर्माण निधि

टटट) कार्यक्रम सं 58: तियांगजिन बिनहाई न्यू एरिया और तियानजिन आर्थिक एवं प्रौद्योगिकीय विकास क्षेत्र में दी जाने वाली सब्सिडी

ठठठ) कार्यक्रम सं 59: राज्य की प्रमुख प्रौद्योगिकी पुनरुद्धार परियोजना निधि

डडड) कार्यक्रम सं 60: उपक्रम विकास निधियां

ढढढ) कार्यक्रम सं 61: स्वच्छ उत्पादन प्रौद्यागिकी निधि

णणण) कार्यक्रम सं 62: विदेश व्यापार और आर्थिक सहयोग के विकास के लिए विशेष निधि

ततत) कार्यक्रम सं 63: उच्च और नए प्रौद्योगिकी वाले उद्योगों के लिए अनुदान

थथथ) कार्यक्रम सं 64: ग्वांगडोंग प्रांत को दिए जाने वाले विभिन्न अनुदान

i. ग्वांगडोंग प्रांत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से व्यापार का विकास करने के लिए विशेष निधि

ii. ग्वांगडोंग-हांगकौंग प्रौद्योगिकी सहयोग निधि कार्यक्रम

iii. ग्वांगडोंग समिर्थित निधि

iv. ग्वांगडोंग सरकारों द्वारा बहुत अधिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए विशेष निधि

v. ग्वांगडोंग की प्रांतीय सरकार की विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी ब्यूरो परियोजना निधि

vi. ग्वांगडोंग सरकारों द्वारा एसएमई के लिए प्रांतीय ऋण छूट विशेष निधि

vii. ग्वांगडोंग सरकारों द्वारा "समकालीन उद्योगों में 500 मजबूत उपक्रमों" की प्रमुख परियोजनाओं के लिए विशेष रूप से समर्थित निधि

viii. ग्वांगडोंग की सरकारों द्वारा रणनीतिक उभरते हुए उद्योगों को सहयोग प्रदान करने के लिए निधि

ix. ग्वांगडोंग की सरकारों द्वारा निर्यात क्रेडिट बीमा के लिए विशेष निधि

x. ग्वांगडोंग प्रांत की पेटेंट अवार्ड

xi. ग्वांगझाउ स्थानीय सरकारों के लिए विकास के लिए सहयोग करने वाली निधि

ददद) कार्यक्रम सं 65: जियांगशु प्रांत को दिए जाने वाले विभिन्न अनुदान

i. निधि को सहयोग करने वाले जियांगशु प्रांत वित्त

ii. पर्यावरण संरक्षण अवार्ड (जियांगशु)

iii. जियांगशु सिटी औद्योगिक किफायत कार्य निष्पादन अवार्ड

iv. चांगझाउ किशुयानी जिला पर्यावरणीय संरक्षण निधि

v. चांगझाउ प्रौद्योगिकी योजना

vi. जुई देश की सरकार द्वारा दी जाने वाली सहयोगी निधि

vii. अवसंरचना परियोजना के निर्माण के लिए उपक्रम प्रौद्योगिकी केंद्रों/सहयोग निधियां

धधध) कार्यक्रम सं 66: प्रौद्योगिकीय लघु और मध्य आकार के उपक्रमों को सहयोग प्रदान करने के लिए निधियां/लघु और मध्यम आकार के उपक्रम सहयोग निधियां

ननन) कार्यक्रम सं 67: परियोजना निधि भत्ता

34. घरेलू उद्योग ने आरोप लगाया है कि लाभ प्रदान करने वाली नई प्रतिसंतुलनकारनीय कार्यक्रम हैं जिनके फलस्वरूप लागतें अपेक्षाकृत कम होती हैं और उसके द्वारा चीन के उत्पादकों को कमतर कीमत पर बिक्री करने की अनुमति मिलती है। उपर्युक्त सब्सिडी कार्यक्रमों में नए कार्यक्रमों की एक सूची निम्नलिखित हैं:

क) कार्यक्रम सं 1: उचित पारिश्रमिक से कम पर पानी का प्रावधान

ख) कार्यक्रम सं 2: उचित पारिश्रमिक से कम पर भूमि के उपयोग का अधिकार दिया गया

ग) कार्यक्रम सं 7: इक्विटी स्वैप्स के लिए कर्ज

घ) कार्यक्रम सं 10: ऋण माफ करना

ड.) कार्यक्रम सं 11: जिन एसओई का विलय अथवा पुनर्गठन हो रहा हो उनके लिए डीड कर छूट।

च) कार्यक्रम सं 17: चीन के निर्यात-आयात बैंक से अधिमान्य निर्यात वित्त पोषण

छ) कार्यक्रम सं 18: अधिमान्य ऋण प्रदान करना

ज) कार्यक्रम सं 22: घरेलू स्तर पर उत्पादन किए गए उपकरण की खरीद करने के लिए एफआईई के रास्ते मूल्यवर्धित कर प्रतिदाय

झ) कार्यक्रम सं 34: उच्च प्रौद्योगिकी प्राप्त करने वाले तथा वाणिज्यीकरण परियोजनाओं के लिए शंघाई नगर कर प्रतिदाय

ञ) कार्यक्रम सं 35: उत्पादक एफआईई के लिए स्थानीय आयकर तथा कटौती कार्यकर

ट) कार्यक्रम सं 49: सुपर स्टार उपक्रम अनुदान

ठ) कार्यक्रम सं 50: ग्वांगडोंग प्रांत में उद्योगों के आउटवार्ड विस्तार के लिए निधियां

ड) कार्यक्रम सं 51: विदेश व्यापार के स्थायी विकास को बढ़ाने के लिए अनुदान-विशेष निधियां

ढ) कार्यक्रम सं 52: घरेलू और विदेश में आयोजित मेलों में भाग लेने के लिए झोंगसेम उपक्रमों के लिए भत्ता का निधि प्रबंधन का अंतरिम उपाय

ण) कार्यक्रम सं 53: ट्रेजरी बांड्स कर्ज अथवा अनुदान

त) कार्यक्रम सं 54: प्रांतीय सरकार/उपकरण अनुदान

थ) कार्यक्रम सं 55: फ्यूयांग सिटी और हांगझाउ सिटी को दी जाने वाली विभिन्न अनुदान

i. करों में आरएमबी 10 मिलियन से अधिक भुगतान करने वाले उपक्रमों के लिए अनुदान
ii. उप-संविदा सेवा कार्यक्रम के निर्यात के अंतर्गत अनुदान
iii. उत्कृष्ट नया उत्पाद/प्रौद्योगिकी अवार्ड के अंतर्गत अनुदान
iv. प्रमुख उद्योगों के लिए फ्यूयांग सिटी सरकार से निवेश अनुदान
v. उन उपक्रमों के लिए अनुदान जो प्रचालन प्रौद्योगिकी और अनुसाधान एवं विकास केंद्र चला रहे हैं
vi. निर्यात क्रेडिट बीमा शुल्क पर स्थानीय और प्रांतीय सरकार प्रतिपूर्ति अनुदान
vii. हांगझाउ प्रीफैक्चर और सिटी ऑफ फ्यूयांग (झेजियांग प्रांत) और (अनहुई प्रांत) से इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) अनुदान

द) कार्यक्रम सं 56: हेबेई प्रांत द्वारा दी जाने वाली अनुदान

i. हेबेई प्रांत की विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान
ii. शिजिआझुआंग सिटी सरकार निर्यात अवार्ड

ध) कार्यक्रम सं 57: शांनडोंग प्रांत को दी जाने वाली विभिन्न अनुदान

i. प्रमुख उपक्रम प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना के लिए शानडोंग प्रांत विशिष्ट निधि
ii. प्रमुख ऊर्जा बचत प्रौद्योगिकी के औद्योगिकरण के लिए शानडोंग प्रांत अवार्ड निधि
iii. शानडोंग प्रांत की पर्यावरणीय संरक्षण उद्योग अनुसंधान और विकास निधियां

iv. शानडोंग प्रांत की कुछ उद्योगों के संवर्धन के लिए निर्माण निधि

न) कार्यक्रम सं 58: तियांगजिन बिनहाई न्यू एरिया और तियानजिन आर्थिक एवं प्रौद्योगिकीय विकास क्षेत्र में दी जाने वाली सब्सिडी

35. घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि चीन के उत्पादकों को इन योजनाओं में भी प्रतिसंतुलनकारनीय लाभ प्राप्त हुए हैं। हालांकि, उत्तर देने वाले उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर, यह नोट किया जाता है कि इनमें से किसी भी योजना का लाभ उत्तर देने वाले उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा वर्तमान जांच में नहीं उठाया गया है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने इनमें से किसी भी कार्यक्रम के संबंध में संबद्ध देश से उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा लाभ उठाई गई सब्सिडी पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाने और उसकी मात्रा बताने के संबंध में पर्याप्त सूचना भी उपलब्ध नहीं कराई है। इस प्रकार प्राधिकारी इसे आवश्यक नहीं समझते हैं कि इन कार्यक्रमों की प्रतिसंतुलनकारनीयता की जांच की जाए। तदनुसार, घरेलू उद्योग द्वारा रिकार्ड पर लाई गई अन्य नई योजनाओं की जांच वर्तमान जांच में नहीं की गई है।

36. न्यायिक अर्थव्यवस्था का सिद्धांत प्राधिकारी को मूल जांच में प्रतिसंतुलनकारनीय पाए गए उन कार्यक्रामों के संबंध में विस्तृत जांच नहीं करने की अनुमति देता है। प्राधिकारी ने इस तथ्य की जांच की है कि क्या मूल जांच के दौरान यथानिर्धारित प्रतिसंतुलनकारनीय योजनाएं जारी हैं और क्या उक्त योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त किया जा रहा सतत लाभ का साक्ष्य है। वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है और इस तथ्य का पता लगाने के लिए कि क्या चीन के उत्पादकों को प्रतिसंतुलनकारनीय सब्सिडी से लाभ प्राप्त होना जारी है, इस जांच का उद्देश्य है। हालांकि चीन की सरकार काई उत्तर नहीं दे पाई है और निर्यातकों ने अपर्याप्त उत्तर प्रस्तुत किए हैं। दूसरी ओर, घरेलू उद्योग ने यह दर्शाते हुए अनुरोध किया है कि चीन के उत्पादकों और निर्यातकों को ऐसी प्रतिसंतुलनकारनीय सब्सिडी का लाभ प्राप्त होना जारी है। इस प्रकार, चीन की सरकार द्वारा अथवा उत्तर देने वाले उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत किए गए किसी साक्ष्य के अभाव को देखते हुए कि ऐसी योजनाएं वापस ले ली गई है अथवा नहीं और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि सब्सिडी योजनाएं जिन पर मूल जांच में प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाया गया था चीन में अब भी जारी हैं, उपलब्ध तथ्यों के आधार पर संबद्ध वस्तुओं के उत्पादकों/निर्यातकों को लाभ प्रदान करता है।

च 3.3 उत्तर दने वाले उत्पाकों/निर्यातकों द्वारा प्राप्त की गई सब्सिडी की जांच

37. चीन जन.गण. के संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है:

i. मैसर्स झेजियांग झोंगशान केमिकल इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी लिमिटेड (झेजियांग)

ii. मेसर्स जियांगशुई झोंगशान बायोसाइंस कंपनी लिमिटेड (जियांगशुई)

38. प्रस्तुत किए गए प्रश्नावली के आधार पर, यह नोट किया जाता है कि जियांगशु चीन में संबद्ध वस्तुओं का उत्पादक है। हालांकि इसने भारत को संबद्ध वस्तुओं का प्रत्यक्ष रूप से निर्यात नहीं किया है। इसने जेझियांग को संबद्ध वस्तुओं की बिक्री की है जो बाद में भारत को संबद्ध वस्तुओं का निर्यातक बन गया है। जांच की अवधि के दौरान जेझियांग ने भारत को इन संबद्ध वस्तुओं का *** एमटी निर्यात किया है।

जियांगशुई (उत्पादक) → झेजियांग (निर्यातक) → भारत

39. मैसर्स झेजियांग झोंगशान केमिकल इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी लिमिटेड ने स्वीकार किया है कि इसने निम्नलिखित योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभ प्राप्त किया है:

i. कार्यक्रम सं 20: अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) व्यय की कटौती के लिए कर नीतियां

ii. कार्यक्रम सं 23: उन कंपनियों, जो उच्च और नई प्रौद्योगिकी कंपनियों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं, के लिए अधिमान्य कर नीतियां/आयकर छूट

iii. कार्यक्रम सं 42: अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) सहायता अनुदान

iv. कार्यक्रम सं 60: उपक्रम विकास निधियां

v. कार्यक्रम सं 62: विदेश व्यापार और आर्थिक सहयोग के विकास के लिए विशेष निधि

vi. कार्यक्रम सं 63: उच्च और नए प्रौद्योगिकी वाले उद्योगों के लिए अनुदान

vii. कार्यक्रम सं 65: जियांगशु प्रांत को दिए जाने वाले विभिन्न अनुदान

क) पर्यावरण सुरक्षा अवार्ड (जिआंगसु)

40. मेसर्स जियांगशुई झोंगशान बायोसाइंस कंपनी लिमिटेड ने स्वीकार किया है इसने निम्नलिखित योजनाओं/कार्यक्रमों के अंतर्गत लाभ प्राप्त किया है:

i. कार्यक्रम सं 61: स्वच्छ उत्पादन प्रौद्योगिकी निधि

ii. कार्यक्रम सं 65: जियांगशु प्रांत को दिए जाने वाले विभिन्न अनुदान

ख) पर्यावरण सुरक्षा अवार्ड (जिआंगसु)

41. इन उत्पादकों/निर्यातकों के प्रश्नावली के उत्तर में उपर्युक्त स्वीकृति उपर्युक्त योजनाओं/कार्यक्रमों की मौजूदगी को दर्शाती है । हालांकि जैसा कि ऊपर कहा गया है, निर्यातकों द्वारा दायर प्रत्युत्तर अपर्याप्त है। जवाब देने वाले उत्पादक और निर्यातक ने उनके द्वारा प्राप्त नहीं की गई सब्सिडी योजनाओं के बारे में कार्यक्रम-विशिष्ट सवालों का जवाब नहीं दिया। उनके द्वारा प्राप्त की गई सब्सिडी के संबंध में इन उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना को उस सीमा तक लिया गया है जिस सीमा तक उसे संगत और उपयुक्त पाया गया। शेष के लिए, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना तथा मूल जांच में रिकार्ड पर उपलब्ध सूचना सहित रिकार्ड पर उपलब्ध तथ्यों पर विश्वास किया है।

च 3.3.1 उचित पारिश्रमिक से कम (एलटीएआर) के लिए वस्तुओं और सेवाओं का प्रावधान

क) भूमि के उपयोग का अधिकार

42. चीन की सरकार द्वारा भाग नहीं लेने अथवा उत्तर देने वाले उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत किए गए किसी साक्ष्य के न होने को देखते हुए कि ऐसी योजनाओं को वापस लिया गया है अथवा नहीं और घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध किया गया है अथवा नहीं, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि मूल जांच में प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाई गई सब्सिडी योजनाएं चीन में अब भी जारी हैं और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर संबद्ध वस्तुओं के उत्पादकों/निर्यातकों को लाभ प्रदान करना जारी है।

43. जियांगशुई द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रश्नावली के उत्तर में, यह देखा गया है कि कंपनी ने भूमि प्राप्त की और भूमि के उपयाग के अधिकारों के लिए कुछ राशि का भुगतान किया है। उत्तर देने वाले उत्पादक ने समय-समय पर अधिग्रहित भूमि और भूमि के उपयोग के अधिकारों के लिए भुगतान की गई राशि का विवरण उपलब्ध कराया है। उत्तर देने वाले उत्पादक द्वारा प्राप्त लाभ का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई बेंचमार्क सूचना पर विचार किया है। उत्तर देने वाले उत्पादक ने चीन की कुछ वेबसाइटों के स्क्रीनशॉट के आधार पर चीन में भूमि की वर्तमान कीमतों को प्रस्तुत किया है। हालांकि, ऐसी भूमि जो चीन में स्थित हैं, की कीमतों पर एक उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में विचार नहीं किया जा सकता है क्योंकि इसके संबंध में निष्कर्ष मूल जांच में निकाला जा चुका है कि चीन में भूमि की कीमतें विरूपित हैं।

44. दूसरी ओर घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि प्राधिकारी को इस लाभ का निर्धारण करने के लिए देश से बाहर के बेंचमार्क पर अवश्य विचार करना चाहिए। इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने सीबी रिचार्ड एलिस, अर्थात् एशियन मार्केट डयू रिपोर्ट द्वारा एक रिपोर्ट को रिकार्ड पर रखा है और यह अनुरोध किया है कि थाइलैंड में भूमि की कीमत को एक बेंचमार्क के रूप में माना जाना चाहिए। यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने पूर्व में मूल जांच में उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में थाइलैंड में भूमि की कीमतों पर विचार किया है। तदनुसार, प्राधिकारी ने वर्तमान समीक्षा में ही उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में थाइलैंड में भूमि की कीमतो पर विचार किया है।

45. उत्तर देने वाले उत्पादक द्वारा अधिग्रहित भूमि की कुल राशि और भूमि के उपयोग के अधिकार के लिए भुगतान की गई राशि पर विचार करते हुए, प्राधिकारी ने भूमि के उपयोग के अधिकार के लिए भुगतान की जाने वाली औसत राशि का निर्धारण किया है। भूमि के उपयोग के अधिकारों के लिए भुगतान की गई ऐसी औसत राशि की तुलना प्राधिकारी द्वारा माने गए बेंचमार्क से की गई है (अर्थात् थाईलैंड में वर्तमान कीमत का समायोजन मुद्रास्फीति के लिए किया गया है)। यह देखा गया है कि उत्तर देने वाले उत्पादक ने उत्तर देने वाले उत्पादक को भूमि के उपयोग के अधिकारों के रियायती भुगतानों से लाभ प्राप्त हुआ है।

46. तदनुसार प्राधिकारी भूमि के उपयोग के अधिकारों उत्तर देन वाले उत्पादक द्वारा प्राप्त की गई प्रतिसंतुलनकारनीय सब्सिडी के रूप में मानते हैं। इसके अलावा, प्राधिकारी उत्तर देने वाले उत्पादक द्वारा भुगतान की गई औसत कीमत और बेंचमर्क कीमतों की उपर्युक्त तुलना के आधार पर इस कारण से ****% की सब्सिडी मार्जिन के रूप में निर्धारण करते हैं।

ख) उपयोगिताएं (विद्युत)

47. उत्तर देने वाले उत्पादकों/निर्यातकों ने दावा किया है कि उन्हें उचित पारिश्रमिक से कम पर कच्चा माल अथवा उपयोगिताएं प्राप्त नहीं हुई हैं। इसके अलावा, विचाराधीन उत्पाद के प्रचालनों के लिए सभी वस्तुएं और सेवाएं बाजार कीमत पर हैं।

48. हालांकि, मूल जांच में, प्राधिकारी ने यह निष्कर्ष निकाला है कि चीन में विचाराधीन उत्पाद के उत्पादकों ने उचित पारिश्रमिक से कम पर विद्युत का लाभ प्राप्त किया है। प्राधिकारी ने इस योजना की प्रतिसंतुलनकारनीयता की जांच नहीं की है क्योंकि चीन की सरकार का उत्तर लुप्त है और निर्यातक यह सिद्ध करने में सक्षम नहीं थे कि सब्सिडी योजना प्रतिसंतुलनकारनीय नहीं है।

49. इस तथ्य की जांच करने के लिए कि क्या उत्तर देने वाले उत्पादक को उचित पारिश्रमिक से कम पर विद्युत प्राप्त हुई, प्राधिकारी ने बेंचमार्क कीमतों के साथ उत्तर देने वाले उत्पाद की बिजली लागत की जांच की है। हालांकि किसी भी अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने इस संबंध में कोई बेंचमार्क सूचना उपलब्ध नही कराई है। तदनुसार, इस उद्देश्य से, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई बेंचमार्क कीमतों पर विचार किया है। उत्तर देने वाले उत्पादक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का विश्लेषण यह दर्शाता है कि कंपनी को वास्तव में उचित पारिश्रमिक से कम पर बिजली प्राप्त हुई है। चीन की सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए उत्तर तथा उत्तर देने वाले उत्पादक द्वारा उपलब्ध कराई गई देय सूचना के अभाव में, इस आधार पर लाभ उपलब्ध तथ्यों के आधार पर तय किया गया है। प्राधिकारी द्वारा उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित सब्सिडी मार्जिन ***% है।

ग) कच्चा माल

50. प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि वित्तीय अंशदान का प्रश्न तब उठता है यदि कच्चा माल सरकार अथवा सार्वजनिक निकाय की विशिष्ट अथवा सामान्य नीति या कार्यक्रम को देखते हुए समुचित पारिश्रमिक से कम पर एक व्यापार उपक्रम को उपलब्ध होता है। ऐसी स्थिति में, उचित पारिश्रमिक से कम पर कच्चे माल तक पहुंच के बल पर वस्तुओं के प्राप्त होने पर लाभ प्रदान किया जाता है। इस प्रकार की सब्सिडी विशिष्ट हो जाती है क्योंकि यह ऐसे कच्चे माल/वस्तुओं का उपयोग करने वाले कुछ उपक्रमों तक सीमित है। मूल जांच में, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि चीन में विचाराधीन उत्पाद के उत्पादकों को उचित पारिश्रमिक से कम पर कच्चा माल प्राप्त हुआ है।

51. वर्तमान समीक्षा में, उत्तर देने वाले उत्पादक ने संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन में उपयोग के लिए खरीदे गए कच्चे माल का विवरण उपलब्ध कराया है। हालांकि उत्पादक ने यह नहीं दर्शाया है कि इसने बाजार कीमतों पर कच्चे माल की खरीद की है अथवा यह कि इसे उचित पारिश्रमिक से कम पर कच्चा माल प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा, चीन की सरकार ने यह दावा करने के लिए कोई अनुरोध प्रस्तुत नहीं किया है कि उत्तर देने वाले उत्पादक को उचित पारिश्रमिक से कम पर संगत कच्चा माल प्राप्त नहीं हुआ है। दूसरी ओर आवेदक ने यह दावा किया है कि उत्तर देने वाले उत्पादक को उचित पारिश्रमिक से कम पर कच्चा माल प्राप्त हुआ है और इस संबंध में प्राप्त लाभ को दर्शाने के लिए बेंचमार्क सूचना प्रस्तुत किया है। इस प्रकार की सूचना पर प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया है और उसकी तुलना उत्तर देने वाले उत्पादक के द्वारा भुगतान किए गए कच्चे माल की वास्तविक कीमत से की गई है।

52. संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए उपयोग किए गए तीन प्रमुख कच्चा माल साइन्यूरिक क्लोराइड, मोनो आइसोप्रोपिल अमाइन (एमआईपीए) और मोनो इथाइल अमाइन (एमईए) हैं। वर्तमान जांच में, प्राधिकारी ने भारत में मोनो आइसोप्रोपिल अमाइन की आयात कीमतों, एमईए कीमतों पर विचार किया है जिन पर भारत में एमईए की खरीद घरेलू उद्योग द्वारा की गई है और जिसे एफओबी से अधिक सीमा शुल्क से समायोजित किया गया है तथा साइन्यूरिक क्लोराइड की आयात कीमतें जिसका समायोजन सीमा शुल्क, समुद्री धारा और बीमा से किया गया है। उत्तर देने वाले उत्पादक द्वारा सूचित वास्तविक कच्चे माल की कीमत से इस अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्क कीमत की तुलना यह दर्शाता है कि उत्तर देने वाले उत्पादक को वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय कीमतों से बहुत कम कीमत पर एमईए और साइन्यूरिक क्लोराइड इनपुट्स प्राप्त हुआ है जिसके फलस्वरूप उचित पारिश्रमिक से कम पर इनपुट पर पहुंच बनी है। हालांकि यह देखा गया है कि वे कीमतें जिन पर उत्तर देने वाले उत्पादक ने एमआईपीए

की खरीद की है, प्रस्तुत की गई बेंचमार्क सूचना से तुलनीय है और इस इनपुट के संबंध में उत्पादक को कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। तदनुसार इस आधार पर निर्धारित सब्सिडी मार्जिन ***% है।

च 3.3.1 कर प्रोत्साहन राशि और मूल्यवर्धित कर प्रोत्साहन राशि

53. चीन की सरकार और इसकी एजेंसियां अनेक कर कार्यक्रम प्रशासित करती है जो कुछ श्रेणी के उपक्रमों को अवस्थिति अथवा उनके क्रियाकलापों की प्रकृति जैसे आर एंड डी, प्रौद्योगिकीय अभिनवता/उन्नयन जो ये उपक्रम करते हैं, के आधार पर कर छूट/में कटौती/छूट प्रदान करती है।

54. इस कार्यक्रम का लाभ केवल विचाराधीन उत्पाद तक सीमित नहीं है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ कंपनी की कुल लाभ पर उपलब्ध है, जैसे ही यह कंपनी यह दावा करने में सक्षम हो जाती है कि यह इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए हकदार है। निर्यातक की प्रश्नावली के अपने उत्तर में, जेजियांग ने दोनों योजनाओं के अंतर्गत लिए गए लाभों का विवरण प्रदान किया है।

55. प्राधिकारी ने विभिन्न आयकर छूट के माध्यम से प्राप्त किए गए कुल लाभ को इकट्ठा किया है और उसे सभी उत्पादों के लिए आवंटित किया है। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत प्राप्त किए गए कुल लाभ पर विचार करते हुए, प्राधिकारी इस सब्सिडी मार्जिन को ***% के रूप में निर्धारित करते हैं।

च 3.3.3 अधिमान्य ऋण

56. प्रश्नावली के अपने उत्तर में, उत्तर देने वाले उत्पादक और निर्यातक ने लिए गए ऋण का विवरण उपलब्ध कराया है। प्राधिकारी ने पूर्व में यह निर्धारित किया है कि चीन के उपक्रमों को कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध हैं और ऐसी रियायती ऋण के फलस्वरूप निधियों के प्रत्यक्ष अंतरण के रूप में वित्तीय योगदान मिलता है। चीन की सरकार द्वारा अथवा उत्तर देने वाले उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा इसके संबंध में प्रस्तुत किए गए किसी साक्ष्य के अभाव में कि ऐसी योजनाओं को वापस ले लिया गया है अथवा नहीं और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध वापस ले लिए गए हैं कि नहीं, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुचते हैं कि मूल जांच में प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाए गए सब्सिडी योजनाएं चीन में अब भी जारी हैं और तदनुसार उपलब्ध तथ्यों के आधार पर संबद्ध वस्तुओं के उत्पादकों/निर्यातकों को लाभ प्रदान करते हैं।

57. संबंधित उत्पादक और निर्यातक द्वारा प्राप्त लाभ का निर्धारण करने के लिए, प्राधिकारी ने उन ऋण की दरों की तुलना बेंचमार्क दरों से की है जिन पर संबंधित उत्पादकों ने ऋण प्राप्त किया है। इस संबंध में, संबंधित उत्पादक और निर्यातक ने पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा जारी ब्याज दरों के प्रमाण प्रस्तुत किए हैं। तथापि, जीओसी ने जांच में भाग नहीं लिया है और अभिलेख में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह पता चले कि चीन में ऋण की दरों पर सरकार का नियंत्रण नहीं है, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना द्वारा जारी की गई ब्याज दरों पर विचार नहीं किया जा सकता। इसलिए, प्राप्त लाभ का निर्धारण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई बेंचमार्क सूचना पर विचार किया है। संबंधित उत्पादक और निर्यातक द्वारा प्राप्त लाभ का निर्धारण करने के लिए, प्राधिकारी ने जिस ब्याज दर पर ऐसे पक्षकारों ने ऋण प्राप्त किए हैं, उसकी तुलना घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत बेंचमार्क सूचना के औसत के साथ की है। इसके आधार पर प्राधिकारी का मानना है कि चीन के संबंधित उत्पादकों और निर्यातकों को ऋण की अधिमान्य दरों पर प्राप्त ऋणों से लाभ हुआ है। इस आधार पर निर्धारित सब्सिडी मार्जिन ***% है ।

च.3.3.4. अनुदान

58. प्रश्नावली के प्रत्युत्तर में, झेजियांग ने कार्यक्रम संख्या 42, 60, 62, 63 और 65 (ii) के तहत लाभ उठाने की बात स्वीकार की है और जियांगशुई ने कार्यक्रम संख्या 61 और 65 (ii) के तहत लाभ उठाने की बात स्वीकार की है। हालांकि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबंधित उत्पादकों के वित्तीय विवरण में प्राप्त की गई सब्सिडी की मात्रा अधिक दिखाई गई है। प्राधिकारी ने झेजियांग और जियांगशुई द्वारा प्राप्त सूचित किए गए अनुसार विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत सीवीडी मार्जिन निर्धारित किया है। इस प्रयोजन के लिए, संबंधित उत्पादक और निर्यातक द्वारा दिए गए प्रत्युत्तर में सूचित सकल राशियों को प्रदत्त लाभ के रूप में माना गया है। निर्धारित सब्सिडी मार्जिन की राशि ***% है।

च.4. निष्कर्ष

59. उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी ने पाया है कि चीन के उत्पादक और निर्यातक प्रति संतुलनकारी सब्सिडियों से लाभान्वित होते हैं। की गई जांचों, अभिलेख पर उपलब्ध तथ्यों, प्रतिभागी निर्यातकों के प्रश्नावली के प्रत्युत्तर के आधार पर और जीओसी से प्रश्नावली का प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होने पर विचार करते हुए, प्राधिकारी ने नीचे दी गई तालिका में दर्शाए गए अनुसार संबंधित उत्पादक के लिए सब्सिडियों के मार्जिन की मात्रा निर्धारित की है। इसके अलावा, प्रत्युत्तर न देने वाले उत्पादकों की सब्सिडी मार्जिन की मात्रा उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है।

क्र. सं.	**कार्यक्रम सं.**	**योजना का नाम**	**जियांगशुई झोंगशान बायोटेक्निकल कं. लिमिटेड / झेजियांग झोंगशान केमिकल्स इंडस्ट्री ग्रुप कं. लिमिटेड**	**कोई अन्य उत्पादक**
1	कार्यक्रम सं. 42, 60, 61, 62, 63, 65	**अनुदान**	0-5%	0-5%
2	कार्यक्रम सं. 20-23	**कर और वैट प्रोत्साहन**	0-5%	0-5%
3	कार्यक्रम सं. 18	**अधिमान्य ऋण**	5-10%	5-10%
4		**एलटीएआर पर वस्तुओं और सेवाओं के लिए प्रावधान**		
क	कार्यक्रम सं. 4	**बिजली**	0-5%	0-5%
ख	कार्यक्रम सं. 3,5,6	**भूमि उपयोग अधिकार**	0-5%	0-5%
ग	कार्यक्रम सं. 72	**कच्चा माल**	5-10%	5-10%
कुल सब्सिडी मार्जिन (1+2+3+4)			**15-20%**	**20-25%**

छ. क्षति निर्धारण की पद्धति और क्षति एवं कारणात्मक संबंध की जाँच

छ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विचार

60. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने क्षति एवं करणीय संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आयात के जिन आंकड़ों पर भरोसा किया गया है वे प्रामाणिक नहीं हैं और आवेदक ने आंकड़ों के स्रोत नहीं बताए हैं। प्राधिकारी को क्षति की जांच के लिए डीजीसीआई एंड एस के आंकड़े मांगने चाहिए।

ii. आवेदक ने क्षति के मानदंडों पर कोई सूचना या आंकड़ा नहीं दिया है और तदनुसार सब्सिडी प्राप्त आयात और क्षति के बीच कारणात्मक संबंध स्थापित करने में विफल रहा।

iii. आवेदक की क्षमता उपयोग में गिरावट अनावश्यक विस्तार किए जाने के कारण हुई है।

iv. कोई भी क्षति नहीं हुई है क्योंकि:

a. आवेदक की घरेलू बिक्री आधार वर्ष में 100 से बढ़कर जांच की अवधि में 316 हो गई है। उत्पादन और बिक्री के प्रतिशत के रूप में माने जाने वाले औसत स्टॉक में भी गिरावट दिखाई देती है।

b. आधार वर्ष से लाभप्रदता और नकद लाभ में भी वृद्धि हुई है।

c. प्राधिकारी द्वारा महामारी से प्रभावित अवधि के दौरान असामान्य रुझानों की अनदेखी की जानी चाहिए।

d. इस अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या, वेतन और मजदूरी तथा प्रति कर्मचारी उत्पादकता में भी सुधार हुआ है।

e. नियोजित पूंजी, अचल संपत्ति और कार्यशील पूंजी में भी बढ़ने की प्रवृत्ति दिखाई दी है।

v. निवेश पर आय में गिरावट क्षमताओं में अनावश्यक वृद्धि, उधार पर उच्च ब्याज दरों और उच्च मूल्यह्रास के कारण हो सकती है।

vi. उत्पादकों/ निर्यातकों ने जिन कार्यक्रमों का लाभ नहीं उठाया है, वे कार्यक्रम समाप्त हो चुके हैं।

vii. जब आयात उच्चतम स्तर पर तथा कम कीमत पर होते थे, तो आवेदक ने लाभ अर्जित किया और आयात में गिरावट आने के साथ ही आवेदक की लाभप्रदता में गिरावट आई।

viii. आयातों और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कोई सहसंबंध नहीं है।

ix. आवेदक द्वारा कथित 70,000 मीट्रिक टन क्षमता विशेष रूप से एट्राजीन के लिए नहीं है।

x. एट्राजीन की संस्थापित क्षमता केवल *** मीट्रिक टन है।

छ.2. घरेलू उद्योग के विचार

61. घरेलू उद्योग ने क्षति एवं करणीय संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. घरेलू उद्योग के कार्य-निष्पादन में सुधार होने मात्र का यह अर्थ नहीं है कि अब उसे क्षति नहीं हो रही है।

ii. शुल्क को निरंतर लागू करने की आवश्यकता है, क्योंकि उद्योग की स्थिति नाजुक है।

iii. चीन में उत्पादकों को उल्लेखनीय सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

iv. चीन के द्वारा कीटनाशकों और तत्संबंधी उद्योगों के सतत और स्वस्थ विकास को प्रोत्साहित करने और समर्थन करने के लिए नीतियां लाई गई हैं।

v. संभावना की जांच के लिए आयातों को, निरपेक्ष रूप से आयात और देश में मांग-आपूर्ति के अंतर से आधिक्य के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

vi. घरेलू उद्योग की बढ़ी हुई क्षमता के कारण आयातों में निरपेक्ष संख्या में गिरावट आई है, लेकिन मांग-आपूर्ति के अंतर की तुलना में इसमें वृद्धि हुई है।

vii. जब आयात, मांग- आपूर्ति के अंतर से थोड़ा अधिक था, तब वे काफी हद तक उस मांग को पूरा कर रहे थे जिसे घरेलू उद्योग पूरा नहीं कर सकता था। तथापि, वर्तमान में मांग-आपूर्ति में अंतर न होने के बावजूद बाजार में आयातों का प्रवेश हो रहा है।

viii. इसके बावजूद कि भारतीय उत्पादकों के पास पहले से ही मांग को पूरा करने की क्षमता है, मांग में आयात की हिस्सेदारी एक तिहाई से अधिक है।

ix. आयात उस मांग को सक्रिय रूप से दूर कर रहे हैं जिसे घरेलू उद्योग द्वारा पूरा किया जा सकता है।

x. यद्यपि बाजार हिस्सा सम्पूर्ण रूप से कम हुआ प्रतीत होता है, परंतु पिछले दो वर्षों में अतिरिक्त आयात का बाजार हिस्सा वास्तव में चार गुना हो गया है।

xi. घरेलू उद्योग क्षमता के कम उपयोग से प्रभावित हुआ है।

xii. भारतीय क्षमता में वृद्धि होने के बावजूद भी इसमें आवेदक की घरेलू बिक्री में वृद्धि बहुत कम है।

xiii. आयात, घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं।

xiv. सब्सिडी रोधी शुल्क के जुड़ने के बाद भी आयातों में सकारात्मक मूल्य कटौती दिखाई देती।

xv. पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है

xvi. आवेदक के विक्रय मूल्य में बिक्री की लागत के अनुरूप वृद्धि नहीं हुई है।

xvii. इस अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कच्ची सामग्री और अन्य परिवर्तनीय लागत में काफी वृद्धि हुई है लेकिन बिक्री मूल्य में 5% की नाममात्र वृद्धि हुई है।

xviii. शुल्क न होने पर, घरेलू उद्योग को या तो अपनी कीमतें कम करनी होंगी या अपने ग्राहकों को

खोना होगा। इसलिए, शुल्कों के अभाव में आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों में कमी आने की संभावना है।

xix. घरेलू उद्योग की बिक्री भले ही बढ़ी हो, लेकिन कुल लाभ में गिरावट आई है।

xx. नियोजित पूंजी पर नकद लाभ और रिटर्न में भी काफी गिरावट आई है।

xxi. घरेलू उद्योग ने भारतीय मांग को पूरा करने के लिए उत्पाद में ***करोड़ रुपये का निवेश किया है।

xxii. क्षमता विस्तार ने घरेलू उद्योग द्वारा अर्जित रिटर्न को दबाया नहीं है, जो कि इस तथ्य से स्पष्ट है कि वर्तमान ईबीआईडीटीए के परिणामस्वरूप क्षमता विस्तार के बिना भी निवेश पर कम रिटर्न प्राप्त होता।

xxiii. शुल्क के न होने पर, घरेलू उद्योग को क्षति, नकद हानि और नियोजित पूंजी पर नकारात्मक रिटर्न प्राप्त होने की संभावना है।

xxiv. शुल्क के न होने पर आयात की मात्रा में और वृद्धि होने तथा इसके कारण घरेलू उद्योग को अत्यधिक क्षति होने की संभावना है।

xxv. घरेलू उद्योग ने सब्सिडी प्राप्त आयातों और इससे हुई क्षति के बीच पहले ही एक स्पष्ट करणीय संबंध स्थापित कर दिया है।

xxvi. निर्यातकों ने मांग, उत्पादन या आयात पर महामारी के प्रभाव के बारे में नहीं बताया है।

xxvii. महामारी को अधिक से अधिक, 2020- 21 के दौरान केवल कुछ महीनों के लिए प्रभावी माना जा सकता है।

xxviii. चूंकि घरेलू उद्योग पर संबद्ध आयातों का मूल्य प्रभाव था, उत्पादकता में वृद्धि क्षति की संभावना पर प्रकाश नहीं डालती है।

xxix. नियोजित पूंजी उस स्थिति में बढनी तय है जब उत्पादक ने क्षमता विस्तार शुरू कर दिया हो।

xxx. यदि अतिरिक्त आयात में वृद्धि नहीं हुई होती, तो घरेलू उद्योग अपनी बिक्री को उच्च स्तर तक बढ़ाने में सक्षम होता।

xxxi. शुल्क समाप्त होने की स्थिति में आयात में वृद्धि होने की स्पष्ट संभावना है।

xxxii. एट्राज़ीन के "उच्च प्रदूषण और उच्च पर्यावरणीय जोखिम" के रूप में वर्गीकृत होने के कारण चीन की मांग कम होने की संभावना है।

xxxiii. चीन में 2022 में 1,03,400 मीट्रिक टन और 2023 की पहली छमाही में 47,500 मीट्रिक टन की मांग के मुकाबले, क्षमता लगभग 1,33,000 मीट्रिक टन है।

xxxiv. जांच की अवधि के दौरान चीन में भारत की मांग से 20 गुना अधिक क्षमता है।

xxxv. चीन में कुल बिक्री का 55% से अधिक निर्यात किया जाता है, यह दर्शाता है कि चीन में उत्पादक निर्यात उन्मुख हैं।

xxxvi. चीन में क्षमताओं का कम उपयोग किया गया है, क्योंकि 2023 में 1,33,000 मीट्रिक टन की क्षमता के मुकाबले, उत्पादन लगभग 1,20,000 मीट्रिक टन था।

xxxvii. चीन में निष्क्रिय क्षमता 13,000 मीट्रिक टन है जो भारत की मांग के दोगुने से भी अधिक है।

xxxviii. प्रतिभागी उत्पादक (जियांगशुई झोंगशान बायोटेक्निकल) की क्षमता भारत में कुल मांग का 6 गुना है।

xxxix. एट्राज़ीन का उपयोग उन फार्मूलेशंस में किया जाता है जिनका गन्ने पर व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है और ब्राजील, (जहाँ एट्राज़ीन पर प्रतिबंध लगाने की संभावना है) के बाद भारत विश्व स्तर पर गन्ना के सबसे बड़े बागानों में से एक है ।

छ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

62. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों और साक्ष्यों पर विचार किया है। प्राधिकारी द्वारा इसके नीचे क्षति विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों पर ध्यान देता है।

63. अनबंध-I के साथ पठित प्रतिसंतुलनकारी शुल्क नियमावली, 1995 के नियम 13 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में सब्सिडी वाले आयातों की मात्रा, समान वस्तु के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसे वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए उन कारकों की जांच शामिल है जो घरेलू उद्योग को क्षति दर्शा सकते हैं।

64. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और संगत कानूनी प्रावधानों पर विचार किया है। प्राधिकारी ने इन कानूनी प्रावधानों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग के क्षति संबंधी सूचना की जांच की है। इसमें नीचे दी गई जांच वास्तव में घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर विचार करता है।

65. प्राधिकारी ने सब्सिडी और क्षति की संभावना के पहलूओं की जांच करने की कार्रवाई करने के पूर्व संबद्ध देश से आयातों के कारण विभिन्न क्षति मापदंडों की जांच की है। यह जांच की गई है कि क्या उत्पादन अथवा खपत के सापेक्ष अथवा पूर्ण रूप में आयातों में वृद्धि हुई है। कीमतों पर सब्सिडी वाले अयातों के प्रभाव पर विचार करते हुए, इस तथ्य की जांच करना आवश्यक माना गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में सब्सिडी वाले आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव के कारण अन्य प्रकार से कीमतों पर बहुत अधिक हद तक दबाव पड़ने वाला है अथवा कीमतों में वृद्धि रुक जाने वाली है जो अन्य प्रकार से बहुत अधिक हद तक हुई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर सब्सिडीयुक्त आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, भंडार, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, आकार और सब्सिडी की मार्जिन आदि जैसे उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सूचकांकों पर इस नियमावली के अनुबंध I के अनुसार विचार किया गया है।

छ.3.1 मांग का आकलन/स्पष्ट खपत

66. वर्तमान जांच के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध उत्पाद की मांग अथवा स्पष्ट खपत को भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतो से आयातों के योग के रूप में परिभाषित किया है। इस प्रकार से आकलित मांग नीचे तालिका में दी गई है:

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल'21-जून'22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
मांग (कैप्टिव सहित)					
आवेदक की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	102	108	316
आवेदक की कैप्टिव बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	96	76	207
डीटीए को एसईजेड बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	19	28	21
अन्य उत्पादकों की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	114	275	251
संबद्ध आयात	एमटी	***	***	***	***
अन्य आयात	एमटी	-	-	-	-
मांग (कैप्टिव सहित)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	161	123	144

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल'21-जून'22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
मांग (कैप्टिव को छोड़कर)	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	164	125	142

67. यह देखा गया है कि संबद्ध वस्तुओं की मांग में 2019-20 के बाद वृद्धि हुई लेकिन जांच की अवधि के दौरान वृद्धि की सूचना देने के पूर्व अप्रैल 2021 से जून 2022 के दौरान इसमें कमी आई।

छ.3.2 सब्सिडी वाले आयातों का मात्रा संबंधी प्रभाव

68. सब्सिडी वाले आयातों के मात्रा के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे इस तथ्य पर विचार करें कि क्या भारत में उत्पादन अथवा खपत की तुलना में अथवा पूर्ण रूप में सब्सिडी वाले आयातों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। क्षति के विश्लेषण के उद्देश्य से प्राधिकारी ने डीजी प्रणाली से लिए गए लेनेदने-वार आयात आंकड़ों पर विश्वास किया है। संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं की आयात मात्रा और क्षति की जांच की अवधि के दौरान सब्सिडी वाले आयात का हिस्सा नीचे दिए गए अनुसार है:

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल '21-जून '22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
संबद्ध आयात	एमटी	2,813	5,618	2,984	2,406
अन्य आयात	एमटी	-	-	-	-
निम्नलिखित की तुलना में संबद्ध आयात					
कुल आयात	%	100	100	100	100
कैप्टिव सहित खपत/मांग	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	124	86	59
कैप्टिव को छोड़कर खपत/मांग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	122	85	60
उत्पादन	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	175	59	28

69. यह नोट किया जाता है कि –

क. संबद्ध आयातों में प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाए जाने के बाद भी 2020-21 में वृद्धि हुई। उसके बाद, आयातों में पूर्ण रूप में कमी आई है। हालांकि, जांच की अवधि और क्षति की अवधि के दौरान आयात बहुत अधिक रहे हैं।

ख. संबद्ध देश से आयात उन सभी आयातों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो भारत में क्षति की अवधि के दौरान और जांच की अवधि के दौरान हुए हैं क्योंकि अन्य देशों से आयात दोनों अवधियों में नहीं हुए हैं।

ग. संबद्ध देश के आयात में भारतीय उत्पादन और मांग की तुलना में क्षति की पूरी अवधि और जांच की अवधि में कम हुई हैं। ये आयात घरेलू उद्योग द्वारा क्षमता में वृद्धि किए जाने के पूर्व उत्पादन और खपत की तुलना में बहुत अधिक थी। हालांकि, घरेलू उद्योग द्वारा क्षमता में बहुत अधिक वृद्धि किए जाने के बाद भी जांच की अवधि के दौरान आयात उत्पादन और खपत की तुलना में बहुत अधिक रही है।

छ.3.3 सब्सिडी वाले आयातों का कीमत संबंधी प्रभाव

70. कीमतों पर सब्सिडी वाले आयातों के प्रभाव के संबंध में, इस तथ्य का विश्लेषण किया जाना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पादों की कीमत की तुलना में कथित आयातों के द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव के कारण अन्य प्रकार से कीमतों पर दबाव पड़ने वाला है अथवा कीमत में वृद्धि रुक जाने वाली है, जो अन्य प्रकार से सामान्य प्रक्रिया में हुई होती। संबद्ध देशों से अयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत में कटौती, कीमत ह्रास अथवा कमत न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है।

क) कीमत में कटौती

71. कीमत में कटौती का निर्धारण जांच की अवधि के लिए आयातों की पहुंच कीमत से घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना कर की गई है। यह देखा गया है कि क्षति की अवधि के दौरान कीमत में कटौती धनात्मक और बहुत अधिक है।

	जांच की अवधि	
विवरण	प्रतिसंतुलनकारी शुल्क को छोड़कर पहुंच कीमत	प्रतिसंतुलनकारीसहित पहुंच कीमत
निवल बिक्री प्राप्ति	***	***
पहुंच कीमत	4,39,387	4,77,072
कीमत में कटौती	***	***
कीमत में कटौती	***	***
रेंज	5-15%	0-10%

72. चूंकि इस उत्पाद पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगता था, प्राधिकारी ने वर्तमान प्रतिसंतुलनकारी शुल्क को शामिल करने के बाद कीमत में कटौती का निर्धारण किया। यह देखा गया है कि इन आयातें के कारण शुल्क लगाए जाने के बाद भी घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती हो रही थी। हालांकि, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत प्रतिसंतुलनकारी शुल्क को जोड़ने के बाद आयातों की पहुंच कीमत के बहुत करीब थी। आवेदक ने यह अनुरोध किया कि जांच की अवधि के दौरान यह संबद्ध देश से आयातों से प्रतिस्पर्धा करने के उद्देश्य से अपनी कीमतों को कम करने के लिए विवश था। यह नोट किया जाता है कि यदि शुल्क सहित कीमत पर विचार किया जाता है तब घरेलू उद्योग आयातों की पहुंच कीमत के बहुत करीब कीमत पर बिक्री कर रहा था।

ख) कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

73. इस शर्त का निर्धारण करने के उद्देश्य से कि क्या सब्सिडी वाले आयातों के कारण घरेलू कीमतों का ह्रास/न्यूनीकरण हो रहा है और क्या ऐसे आयातों के प्रभाव के कारण कीमतों पर बहुत अधिक हद तक दबाव पड़ने वाला है अथवा उनकी वृद्धि रुक जाने वाली है जो अन्य प्रकार से बहुत अधिक हद तक हुई होती, प्राधिकारी ने क्षति की अवधि के दौरान लागतों और कीमतों में नीचे की गई तुलना के अनुसार परिवर्तनों पर विचार किया है।

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल'21-जून'22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
बिक्री की लागत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	96	135	190
बिक्री कीमत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	184	192
पहुंच कीमत	₹/एमटी				
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	150	192
प्रतिसंतुलनकारी शुल्क सहित पहुंच कीमत	₹/एमटी	2,48,782	2,44,264	3,72,411	4,77,072
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	150	192

74. यह नोट किया जाता है कि बिक्री की लागत और बिक्री कीमत दोनों में क्षति की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। इसके अलावा, प्रतिसंतुलनकारी शुल्क इस उत्पाद पर सितंबर 2019 में लगाया गया था। इस कारण से, यदि 2019-20 को बाहर भी कर दिया जाता है तब यह देखा जाता है कि जांच की अवधि में बिक्री कीमत में वृद्धि उस वृद्धि से कम

है जो पूर्व के सभी अवधियों की तुलना में घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत में हुई थी। इसके अलावा, यदि बिक्री की कुल लागत में पूर्व वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में 41 प्रतिशत तक वृद्धि भी हुई तब, जांच की अवधि में बिक्री की कीमत में केवल 5 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई । यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की कच्चे माल की लागतों में *** प्रतिशत तक वृद्धि हुई और पिछले वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में परिवर्तनीय लागत में *** प्रतिशत तक वृद्धि हुई। हालांकि, घरेलू उद्योग आयातों की पहुंच कीमत के कारण कच्चे माल और उपयोगिताओं के कारण प्रत्यक्ष लागतों में वृद्धि के अनुपात में अपनी बिक्री कीमत में वृद्धि करने में सक्षम नहीं था। इसके अलावा, जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत प्रतिसंतुलनकारी शुल्क को जोड़ने के बाद आयातों की पहुंच कीमत के बहुत करीब थी। इस प्रकार यह देखा जाता है कि आयातों ने घरेलू उद्योग को जांच की अवधि में लागतों में वृद्धि के अनुपात में इसकी कीमतों को बढ़ाए जाने से रोका है।

75. यह भी देखा जाता है कि बिना प्रतिसंतुलनकारी शुल्क के आयातों की पहुंच कीमत जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत से कम थी जबकि वह प्रतिसंतुलनकारी शुल्क को जोड़न के बाद घरेलू उद्योग की उत्पादन की लागत से अधिक थी। यह दर्शाता है कि आयातों के कारण संभवत: घरेलू उद्योग को प्रतिसंतुलनकारी शुल्क को समाप्त किए जाने की स्थिति में घाटे वाली कीमतों पर बिक्री करने के लिए विवश होना है। इस प्रकार शुल्क के समाप्त होने के स्थिति में आयातों के कारण संभवत: घरेलू उद्योग की कीमतों पर आग दबाव पड़ने वाला है। कीमतों का ह्रास होने वाला है और इस सीमा तक कि घरेलू उद्योग को संभवत: वित्तीय हानि होने वाली है।

छ.3.4 घरेलू उद्योग से संबंधित आर्थिक मापदंड

76. इस नियमावली में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में घरेलू उत्पादकों पर संबद्ध आयातों द्वारा परिणामी क्षति की वस्तुपरक जांच शामिल होगी। ऐसे उत्पादों की घरेलू उत्पादकों पर इन अयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में, इस नियमावली में आगे यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर सब्सिडी वाले आयातों के प्रभाव की जांच में सभी संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेशों पर प्रतिफल अथवा क्षमता के उपयोग में वास्तविक अथवा संभावित गिरावट सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सूचकांकों; घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारकों, नकदी का प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, विकास, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित प्रभाव का एक वस्तुपरक निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा। तदनुसार, घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन की जांच क्षति की अवधि के दौरान की गई है।

क) <u>उत्पादन, क्षमता, क्षमता का उपयोग और बिक्री</u>

77. क्षति की अवधि के दौरान उत्पादन, क्षमता, क्षमता का उपयोग औ बिक्री निम्नानुसार थी:

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल 21-जून 22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
क्षमता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	400
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	114	108	337
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	114	108	84
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	102	108	316

78. यह देखा गया है कि –

क. घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि के दौरान एक नए संयंत्र की स्थापना करने के बाद जांच की अवधि में क्षमता में बहुत अधिक हद तक वृद्धि की। देश में मांग/आपूर्ति में अंतर था जिसे घरेलू उद्योग द्वारा पर्याप्त क्षमताओं को जोड़ कर पूरा किया गया था।

ख. घरेलू उद्योग के उत्पादन में अप्रैल 2021-जून 2022 के दौरान उत्पादन में मामूली वृद्धि के साथ क्षति की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है लेकिन जांच की अवधि के दैरान यह उच्चतम था।

ग. घरेलू उद्योग के क्षमता के उपयोग में 2020-21 तक वृद्धि हुई परंतु उसके बाद इसमें गिरावट आई।

घ. बाजार में बढ़ती हुई मांग के बावजूद, घरेलू उद्योग देश में उत्पाद की मांग की सीमा तक अपनी क्षमताओं का उपयोग करने में सक्षम नहीं हुआ है और इसकी क्षमता उपयोग कम रही है। घरेलू उद्योग आयातों के अभाव में अपनी उत्पादन क्षमता का पूर्ण रूप से उपयोग कर पाता।

ड. घरेलू उद्योग क्षति की अवधि के दौरान अपनी बिक्री को बढ़ाने में सक्षम हुआ था। इसके अलावा, घरेलू उद्योग उत्पादन की क्षमताओं में वृद्धि करने के बाद जांच की अवधि में बिक्री में बहुत अधिक वृद्धि करने में सक्षम था। हालांकि बिक्री में वृद्धि उत्पादन की क्षमताओं में वृद्धि से बहुत कम है। इसके अलावा, आयातों की मात्रा घरेलू उद्योग द्वारा बिक्री की मात्रा और देश में उपलब्ध उत्पादन क्षमताओं के बाद भी अभी भी अधिक है।

79. आवेदक ने यह अनुरोध किया है कि यह अपनी क्षमताओं में वृद्धि के अनुरूप अपने उत्पादन में वृद्धि करने में सक्षम नहीं हुआ है और इस कारण से इसने अपनी क्षमता उपयोग में गिरावट देखी है। यह देखा जाता है कि आवेदक ने अपनी क्षमताओं में *** प्रतिशत तक वृद्धि की लेकिन घरेलू बिक्री में पूर्व वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में *** प्रतिशत तक और आधार वर्ष की तुलना में *** प्रतिशत तक वृद्धि की है। यह नोट किया जाता है कि भारतीय मांग के एक बहुत बड़े हिस्से को पूरा करन के लिए *** एमटी की क्षमता स्थापित करने के बावजूद, आवेदक ने जांच की अवधि के दौरान केवल *** एमटी का उत्पादन किया।

80. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग को कोविड-19 के कारण क्षति हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच में जांच की अवधि जुलाई 2022-जून 2023 है और इस अवधि के दौरान कोविड-19 के प्रतिकूल प्रभावों का काई साक्ष्य नहीं है। यह देखा गया है कि महामारी का प्रभाव, यदि कोई हो, तो केवल 2020-21 में संक्षिप्त अवधि तक सीमित होगा।

ख) **<u>बाजार हिस्सा</u>**

81. घरेलू उद्योग, अन्य भारतीय उत्पादकों, संबद्ध देश से आयात और अन्य देशों का बाजार हिस्सा नीचे तालिका में दर्शाया गया है:

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल'21-जून'22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
कैप्टिव सहित					
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
घरेलू उद्योग – डीटीए को एसईजेड	%	***	***	***	***
घरेलू उद्योग –कैपटिव	%	***	***	***	***
अन्य भारतीय उत्पादक	%	***	***	***	***
संबद्ध आयात	%	***	***	***	***
अन्य आयात	%	***	***	***	***
कैप्टिव को छोड़कर					
घरेलू उद्योग	%	***	***	***	***
घरेलू उद्योग – डीटीए को एसईजेड	%	***	***	***	***
घरेलू उद्योग –कैपटिव	%	***	***	***	***
अन्य भारतीय उत्पादक	%	***	***	***	***
संबद्ध आयात	%	***	***	***	***

82. यह देखा गया है कि संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में 2020-21 के बाद गिरावट आई है और घरेलू उद्योग के हिस्से में उसी अवधि में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में नई उत्पादन क्षमताओं के आरंभ होने के बाद जांच की अवधि में बहुत अधिक हद तक वृद्धि हुई। हालांकि, आवेदक ने अनुरोध किया है कि जांच की अवधि के दौरान, संबद्ध वस्तुओं की देश में मांग-आपूर्ति में कोई अंतर नहीं था। *** एमटी की मांग की तुलना में, बाजार में कुल क्षमता *** एमटी रही। उसके और शुल्क के लागू रहने के बावजूद, यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देश से आयात बाजार की एक-तिहाई से अधिक रहे है। इसके अलावा, संबद्ध आयातों का बाजार हिस्सा प्रतिसंतुलनकारी शुल्क के लागू रहने के बाद भी घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से से अधिक है।

83. आवेदक ने यह भी अनुरोध किया है कि आयातों का बाजार हिस्सा देश में मांग-आपूर्ति के अंतर के कारण पूर्व वर्षों में उच्चतर था और इस कारण से आयात ने मात्रा और कीमत दोनों के आधारों पर आवेदक को प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं किया। हालांकि, जांच की अवधि के दौरान, यद्यपि संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में कमी आई और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई, आयातों में मांग-आपूर्ति में अंतर की तुलना में वृद्धि हुई है, जिसके फलस्वरूप ऐसी स्थिति पैदा हुई जहां आयात घरेलू उद्योग की बिक्री से अधिक थी इसके अलावा घरेलू उद्योग को उत्पादन की क्षमताओं के कम उपयोग के कारण हानि हुई।

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल 21-जून 22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
भारतीय क्षमता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	214	386
भारतीय मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	161	123	144
मांग-आपूर्ति में अंतर	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	216	42	-72
संबद्ध आयात	एमटी	2,813	5,618	2,984	2,406

ग) मालसूची

84. क्षति की अवधि और जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के पास मालसूची की स्थिति नीचे तालिका में दी गई है:

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल 21-जून 22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
आरंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	58	40	20

85. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग के लिए औसत मालसूची में क्षति की अवधि के दौरान कमी आई है।

घ) रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी

86. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित सूचना की जांच की है जिसे नीचे दिया गया है:

विवरण	यूनिट	2019-20	2020-21	अप्रैल 21-जून 22 (वार्षिकीकृत)	जांच की अवधि
कर्मचारियों की संख्या	संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	350

वेतन और मजदूरी	₹ लाख	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	121	111	520
प्रतिदिन उत्पादकता	एमटी/दिन	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	114	108	395

87. यह देखा गया है कि कर्मचारियों की संख्या और उत्पादकता में जाचं की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। यह घरेलू उद्योग द्वारा क्षमता की वृद्धि के कारण है।

ड.) लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय

88. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता संबंधी मापदंड नीचे दिए गए है:

विवरण	**यूनिट**	**2019-20**	**2020-21**	**अप्रैल '21-जून '22 (वार्षिकीकृत)**	**जांच की अवधि**
बिक्री की लागत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	96	135	190
बिक्री कीमत	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	184	192
लाभ/(हानि)	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	665	2,304	254
लाभ/(हानि)	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	678	2,480	804
नकद लाभ	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	643	2173	345
नकद लाभ	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	656	2,340	1,094
ब्याज	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	0	2	174
ब्याज	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	0	2	550
निवेश पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	294	579	71
प्रति इकाई लगाई गई पूंजी	₹/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	149	263	291

89. यह नोट किया गया कि :

क. उत्पाद पर प्रतिसंतुलनकारी शुल्क 2019-20 में लागू किया गया था। घरेलू उद्योग के लाभ में अप्रैल, 2021 से जून, 2022 तक वृद्धि हुई थी किन्तु जांच की अवधि में इस में भारी गिरावट आई थी। पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के लाभों में ***% की गिरावट आई थी।

ख. यद्यपि, उत्पादन लागत में पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में पी ओआई में वृद्धि हुई है । तथापि, घरेलू उद्योग उत्पादन लागत में वृद्धि के अनुपात में वृद्धि करने में असमर्थ था और वह कच्ची सामग्री तथा सुविधाओं में वृद्धि के अनुसार भी वृद्धि नहीं कर पाया। परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को लाभ में भारी गिरावट उठानी पड़ी । पीओआई में घरेलू उद्योग के कीमत ह्रास के कारण पीओआई में लाभ में भारी गिरावट हुई है ।

ग. शुल्कों को लागू किए जाने के पश्चात नकद लाभों और निवेश पर आय में भी वृद्धि हुई थी किन्तु पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में पीओआई में क्रमशः ***% और ***% के बाद गिरावट आई।

90. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि निवेश पर आय में गिरावट, क्षमताओं में अनावश्यक वृद्धि, उधारी पर अधिक ब्याज दर और उच्चतर मूल्यह्रास के कारण आई है। अत: प्राधिकारी ने ब्याज पूर्व लाभ और मूल्यह्रास के रूझानों तथा बिक्री की प्रति इकाई नियोजित पूंजी के रूझानों की जांच की है। यह देखा गया है कि ब्याज पूर्व लाभ और बिक्री की प्रत्येक इकाई में ब्याज पूर्व लाभ तथा मूल्यह्रास में पूर्ववर्ती की तुलना में जांच अवधि में क्रमशः 86% तथा 82% की गिरावट भी आई है। इसके अलावा, प्राधिकारी ने पीओआई में नियोजित पूंजी पर आय का निर्धारण क्षमता में वृद्धि से पहले प्रति इकाई नियोजित पूंजी पर विचार करते हुए किया है। यह देखा गया है कि आर ओ सी ई जांच अवधि के दौरान अर्जित वास्तविक आय (***%) के मुकाबले पीओआई में लगभग समान (***%) रहा होता। इस प्रकार, प्राधिकारी को इस दलील में कोई सच्चाई नहीं दिखती है कि नियोजित पूंजी पर आय में गिरावट क्षमता विस्तार के कारण है।

छ) <u>वृद्धि</u>

91. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के विभिन्न मापदंडों में वृद्धि निम्नानुसार थीः

विवरण	इकाई	2019-20	2020-21	अप्रैल 21-जून 22 (क)	पीओआई
उत्पादन	%	-	14%	-5%	212%
घरेलू बिक्री	%	-	2%	6%	194%
लाभ/ हानि	%	-	578%	266%	-68%
नकद लाभ	%	-	556%	257%	-53%
निवेश पर आय	%	-	13%	19%	-35%
क्षमता	%	-	0%	0%	300%

92. यह नोट किया गया है कि उत्पादन में अप्रैल, 2021 से जून, 2022 में गिरावट के बाद इस अवधि में घरेलू उद्योग के मात्रा संबंधी मापदंडों ने वृद्धि दर्शायी है। तथापि, जहां घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मापदंडों में पिछली अवधि तक वृद्धि दर्शायी थी, इसमें जांच की अवधि के दौरान गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त, पीओआई में क्षमता में हुई वृद्धि उत्पादन और घरेलू बिक्रियों में हुई वृद्धि की तुलना में अधिक थी।

छ) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

93. यह नोट किया गया है कि यद्यपि घरेलू उद्योग की क्षमता में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है, तथापि, घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है और नियोजित पूंजी पर आय में गिरावट दर्ज की गई है। घरेलू उद्योग की पीबीआईटी में भी गिरावट आई है। इसके अलावा, यह नोट किया गया है कि नियोजित पूंजी पर आय कम है और आगे निवेश के लिए अनुकूल नहीं है। इस प्रकार, आयातों के कारण पूंजी निवेश जुटाने की घरेलू उद्योग की क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई है।

94. कुछ हितबद्ध पक्षों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग की नियोजित पूंजी, स्थिर परिसंपत्तियों और कार्यशील पूंजी में भी वृद्धि हुई है। प्राधिकरण नोट कि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए क्षमता विस्तार के मद्देनजर नियोजित पूंजी में वृद्धि हुई है।प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए क्षमता विस्तार के आलोक में नियोजित पूंजी में वृद्धि हुई है ।

ज) कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

95. यह नोट किया गया है कि आयातों की कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्रियों की लागत और बिक्री कीमत से कम है। आवेदक को जांच अवधि के दौरान आयातों से प्रतिस्पर्धा के लिए अपनी कीमतें कम करने पर बाध्य होना पड़ा है । इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में गिरावट आई है । अत: यह देखा गया है कि आयातों के कारण जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कीमतें प्रभावित हुई थी ।

झ) सब्सिडी मार्जिन की मात्रा

96. प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्धारित सब्सिडी मार्जिन काफी अधिक है और इसने बाजार में उचित प्रतिस्पर्धा की स्थिति को नष्ट कर दिया है।

छ.4 सब्सिडी और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना

97. प्राधिकारी देखते हैं कि यह एक निर्णायक समीक्षा जांच है और इस जांच का केंद्र जारी रखी गई सब्सिडी और परिणामी क्षति के संभावित परिदृश्य की जांच करना है, यदि सब्सिडी-रोधी शुल्क को समाप्त करने की अनुमति दी जाती है चाहे इस समय कोई क्षति न हुई हो। इस संबंध में भी विचार किए जाने की आवश्यकता है कि क्या लागू किया गया शुल्क क्षतिकारी सब्सिडी को समाप्त करने के लक्षित प्रयोजन को पूरा कर रहा है।

98. अतः किसी निर्णायक समीक्षा जांच में, प्राधिकारी द्वारा यह विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता है कि क्या किसी उपाय को हटाने के परिणामस्वरूप, मूल जांच में क्षति के निर्धारण के विपरीत, घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना है।

99. प्राधिकारी के ध्यान में लाए गए सभी कारकों की यह निर्धारित करने के लिए जांच की गई है कि क्या शुल्क को समाप्त किए जाने की स्थिति में सब्सिडी या क्षति के जारी रहने की संभावना है। प्राधिकारी ने सब्सिडी या क्षति के जारी रहने की संभावना का आकलन करने की दृष्टि से, घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध करायी गई विभिन्न सूचनाओं पर विचार किया है।

100. इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को सब्सिडीकरण के जारी रहने और परिणामस्वरूप क्षति के जारी रहने की संभावना पर प्रभाव डालने वाले अन्य संगत कारकों की भी जांच की है। ऐसी संभावना के मापदंडों की जांच निम्नानुसार की गई हैः

क. जारी सब्सिडीकरण

101. प्राधिकारी नोट करते हैं कि शुल्कों के प्रवृत्त रहने के बावजूद संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का लगातार और अत्यधिक सब्सिडीकरण हो रहा है। शुल्कों की मौजूदगी के दौरान जारी सब्सिडीकरण सब्सिडियों के जारी रहने की संभावना को दर्शाता है ।

ख. मांग-आपूर्ति अंतर के संबंध में आयातों में वृद्धि

102. यद्यपि, आयातों की कुल मात्रा में गिरावट आई है, आवेदक ने इस बात पर जोर दिया है कि यह जांच की अवधि के दौरान बढ़ी हुई क्षमता के कारण है। यदि चीन जन. गण. से आयातों को देश में मांग-आपूर्ति अंतर के संबंध में देखा जाता है तो यह देखा जाएगा कि आयातों में वास्तव में वृद्धि हुई है।

103. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के प्रथम भाग में, आयात भारत में उस मांग को पूरा कर रहे थे जो भारतीय उद्योग उत्पादन क्षमताओं के अभाव में पूरा नहीं कर सकता था। तथापि, जांच की अवधि के दौरान, भारतीय क्षमता में वृद्धि और संपूर्ण भारतीय मांग को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता के मौजूद होने के बावजूद, आयात भारतीय मांग का एक तिहाई पूरा करते हैं। यह देखा गया है कि संबद्ध देश से निर्यातकों ने उस बाजार को छीन लिया है जिसे घरेलू उद्योग पूरा कर सकता था । इसके अलावा, सीवीडी जोड़ने के बाद पीओआई में आयातों की पहुंच कीमत के साथ घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत की तुलना से पता चलता है कि घरेलू उद्योग आयातों की पहुंच कीमत के लगभग तुलनीय कीमत पर अपने उत्पाद को बेच रहा था । इस प्रकार, शुल्क के अभाव में या तो आयातकों के आयातों की ओर अधिक जाने की संभावना है और इस प्रकार घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से के प्रभावित होने की संभावना है या घरेलू उद्योग द्वारा वर्तमान सीवीडी के अनुपात में अपनी कीमतें कम करने की संभवना है ।

ग. संबद्ध आयातों द्वारा रखा गया समग्र बाजार हिस्सा

104. प्राधिकारी ने नोट किया कि जांच अवधि के दौरान देश में मांग-आपूर्ति में कोई अंतर नहीं था । ***एमटी, की मांग के मुकाबले भारतीय क्षमता लगभग ***एमटी है। इसके बावजूद आयातों का हिस्सा बाजार हिस्से का लगभग एक तिहाई है । इसके अलावा, सीवीडी जोड़ने के बाद आयातों का पहुंच मूल्य भी घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से बिल्कुल तुलनीय है। आवेदक ने इस बात पर जोर दिया है कि आयातों ने आवेदक को उसकी क्षमता में वृद्धि के अनुसार अपनी कीमत में वृद्धि करने से रोका है । यह नोट किया गया है कि आयातों की समग्र मात्रा भारतीय

बाजार में उनका हिस्सा इतना अधिक है कि उससे सीवीडी के अभाव में काफी अधिक प्रतिकूल कीमत प्रभाव पड़ सकता है । इसके अलावा, घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि उसकी क्षमता में वृद्धि के अनुरूप नहीं थी और इस प्रकार, इससे घरेलू उद्योग पर आयातों का मौजूदा प्रतिकूल प्रभाव प्रदर्शित होता है ।

घ. घरेलू उद्योग की लाभप्रदत्ता में गिरावट

105. वर्ष 2019 में शुल्कों के लागू होने के पश्चात घरेलू उद्योग की लाभप्रदत्ता में सुधार हुआ है। तथापि, जांच की अवधि के दौरान, चीन जन.गण. से आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्रियों की लागत से कम थी। इसके अलावा, पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में, पीओआई में आयातों की पहुंच कीमत में कच्चे माल और सुविधओं के कारण लागतों में वृद्धि के समानुपात में वृद्धि नहीं हुई है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को कीमत ह्रास तथा लाभप्रदता में परिणामी गिरावट का सामना करना पड़ा है । यह देखा गया है कि यद्यपि, घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्रियों में 194 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है, तथापि, कुल लाभ में 68 प्रतिशत की गिरावट आई है ।

106. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पीओआई में नियोजित पूंजी पर आय केवल 5 प्रतिशत थी । घरेलू उद्योग ने भारतीय मांग को पूरा करने और देश में मांग-आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए लगभग *** करोड़ रूपए का निवेश किया है । तथापि, इससे प्राप्त आय ऐसे निवेश के लिए व्यवहार्य नहीं है ।

ड. शुल्कों को समाप्त किए जाने के परिणामस्वरूप घाटे की संभावना

107. यह देखा गया है कि आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग के उत्पादन की लागत से कम है। इसके अलावा, चूंकि घरेलू उद्योग वर्तमान में ऐसी कीमत पर बिक्री कर रहा है जो सीवीडी जोड़ने के बाद आयातों की पहुंच कीमत के बिल्कुल तुलनीय है ।इसलिए इसकी प्रबल संभावना है कि आवेदक को सीवीडी की समाप्ति के बाद भी इन कीमतों की बराबरी करनी पडेगी । यदि ऐसा होता है तो घरेलू उद्योग को भारतीय वित्तीय घाटा, नकद घाटा और नियोजित पूंजी पर ऋणात्मक आय होने की संभावना है ।

विवरण	इकाई	वास्तविक	संभावित	प्रभाव
बिक्रियों की लागत	रु. / मी.टन	***	***	-
बिक्री कीमत	रु. / मी.टन	***	***	-8%
पहुंच कीमत	रु. / मी.टन	4,77,072 (सीवीडी के साथ)	4,39,387 (सीवीडी के बिना)	
लाभ/ हानि	रु. / मी.टन	लाभ	हानि	-284%
लाभ / हानि	लाख रूपए	लाभ	हानि	-284%
नकद लाभ	लाख रूपए	लाभ	हानि	-195%
निवेश पर आय	%	***	***	-212%

च. संबद्ध वस्तुओं पर बढ़ता हुआ वैश्विक प्रतिबंध और घटती मांग

108. घरेलू उद्योग ने वीवाईएनजेड रिसर्च द्वारा जारी एक बाजार अनुसंधान रिपोर्ट उपलब्ध कराई है जिसमें संबद्ध देश और वैश्विक रूप से क्षमता, उत्पादन और मांग से संबंधित सूचना अंतर्निहित है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिपोर्ट के अनुसार, 2023 से 2028 तक विचाराधीन उत्पाद के लिए वैश्विक मांग के कम होने की संभावना है । इसके परिणामस्वरूप और संबद्ध उत्पादको को उपलब्ध सब्सिडी के कारण संबद्ध वस्तुओं के वैश्विक उत्पादकों के बीच कीमत संबंधी प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। चीन के उत्पादकों द्वारा बाजार हिस्से को प्राप्त करने के लिए भारतीय बाजार में अपनी कीमतों में कमी करने की संभावना है। इससे अनुचित प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और भारत में आयातित वस्तु की मांग बढ़ेगी ।

109. इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट के अनुसार, चीन में भी मांग में गिरावट आई है। नवंबर, 2021 में चीन में मिनिस्ट्री ऑफ इकोलॉजी एंड एनवायरमेंट ने एट्राजिन को उच्च प्रदूषण और उच्च पर्यावरणीय जोखिमों वाले उत्पादों की सूची में

शामिल किया है। अतः संबद्ध देश में विचाराधीन उत्पाद की मांग में गिरावट आने की संभावना है। ऐसे परिदृश्य में चीन के उत्पादकों द्वारा अपनी वस्तु के लिए वैकल्पिक बाजारों की तलाश करने की संभावना है और भारत में बढ़ती हुई मांग के कारण भारत को लक्ष्य बनाने की संभावना है । प्राधिकारी नोट करते हैं कि शुल्क के अभाव में चीन के उत्पादकों द्वारा उनके निर्यातों में वृद्धि करने की संभावना है ।

छ. उत्पादकों का निर्यातोन्मुखी होना

110. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादकों की चीन जन.गण. में घरेलू मांग की तुलना में क्षमता बहुत अधिक है। वीवाईएनजेड रिसर्च द्वारा की गई बाजार रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में 49,000 की मांग की तुलना में चीन की क्षमता लगभग 1,20,000 मी. टन थी। इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि चीन जन.गण. के उत्पादक निर्यातोन्मुखी हैं । इसके अलावा, 2019 से 2022 तक चीन के एट्राजाइन की निर्यात मात्रा कुल बिक्रियों के 55 प्रतिशत से अधिक है । इस प्रकार, संबद्ध देश के निर्यातक निर्यातों पर निर्भर हैं ।

111. यह भी देखा गया है कि संबद्ध देश में उत्पादकों की निर्यात योग्य क्षमताएं भारतीय मांग की तुलना में काफी अधिक हैं ।

विवरण	मात्रा (मी. टन)
क्षमता	1,20,000
घरेलू मांग	49,000
निर्यात योग्य अतिरिक्त क्षमता	71,000
क्षमता के संबंध में निर्यात योग्य अतिरिक्त क्षमता	59%
भारत में व्यापार मांग	***
भारतीय मांग के संबंध में निर्यात योग्य अतिरिक्त क्षमता	1,186%

112. अत: प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन में निर्यात योग्य क्षमता भारत में मांग की 11 गुना है और चीन में मांग के दोगुने से अधिक है । शुल्क के अभाव में उत्पादक भारतीय बाजार को लक्ष्य बनाकर अपनी अतिरिक्त क्षमताओं का प्रयोग करेंगे।

ज. चीन के उत्पादकों द्वारा धारित निष्क्रिय क्षमताएं

113. आवेदक ने इस पर भी जोर दिया है कि संबद्ध देश में उत्पादकों के पास निष्क्रिय क्षमताएं धारित थी। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में 1,20,000 मी. टन की क्षमता के प्रति, चीन में संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन लगभग 98,200 मी. टन था। अतः, यह देखा जा सकता है कि महत्वपूर्ण निर्यात योग्य क्षमताओं को धारण करने के अतिरिक्त, संबद्ध देशों में उत्पादक उल्लेखनीय निष्क्रिय क्षमताओं से भी जूझ रहे हैं।

विवरण	मात्रा(मी.टन)
क्षमता	1,20,000
उत्पादन	98,200
निष्क्रिय क्षमता	21,800
भारत में व्यापार मांग	***
भारतीय मांग के संबंध में निष्क्रिय क्षमता	364%
पूरी मांग को पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त निर्यात	***
इसके लिए अतिरिक्त क्षमता उपयोग	3%

114. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन में निष्क्रिय क्षमताएं भारत में मांग के तीन गुणा से अधिक है। यह भी देखा गया है कि चीन के उत्पादक अपनी क्षमता उपयोग में केवल 3 प्रतिशत की वृद्धि द्वारा समूची भारतीय मांग पर कब्जा कर सकते हैं।

झ. प्रतिवादी उत्पादकों द्वारा अप्रयुक्त क्षमता

115. प्राधिकारी ने एक मात्र प्रतिभागी उत्पादक/ निर्यातक, झेजियांग, झांगशान केमिकल्स इंडस्ट्री ग्रुप कं. लिमि. द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना का भी विश्लेषण किया है। यह देखा गया है कि प्रतिभागी उत्पादक/ निर्यातक के पास महत्वपूर्ण प्रयुक्त न की गई क्षमताएं हैं और वह अपनी मौजूदा उत्पादन क्षमता में 12 प्रतिशत की वृद्धि द्वारा शेष भारतीय मांग पर कब्जा कर लेगा।

विवरण	मात्रा (मी. टन)
भारत में व्यापारी मांग	***
प्रतिवादी उत्पादक की क्षमता	***
प्रतिवादी का क्षमता उपयोग	***
उत्पादक की अतिरिक्त क्षमता	***

116. यह नोट किया जाता है कि केवल एक उत्पादक/निर्यातक की अप्रयुक्त क्षमता ही संपूर्ण भारतीय मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। आवेदक ने जोर दिया है कि झेजियांग के अलावा, चीन जन.गण. में संबद्ध वस्तु का उत्पादन करने की भारी क्षमता वाली अनेक अन्य कंपनियां हैं। अत: संबद्ध देश में उत्पादकों के पास भारी क्षमताएं मौजूद हैं जो संपूर्ण भारतीय मांग पर कब्जा करने में उन्हें सक्षम बनाती है।

ञ. एक बाजार के रूप में भारत का महत्व

117. आवेदक ने इस बात पर भी जोर दिया है कि संबद्ध देश में उत्पादकों के लिए भारत एक प्रमुख बाजार है। संबद्ध वस्तु का गन्ने जैसी फसलों पर मुख्य रूप से प्रयुक्त होने वाले फार्मूले को बनाने में प्रयोग किया जाता है। चूंकि, भारत विश्व में सबसे बड़े गन्ना बागानों में से एक है, निकट भविष्य में भारत में संबद्ध वस्तु की मांग में वृद्धि होने की संभावना है। इस प्रकार, भारत निर्यातकों के लिए एक प्रमुख बाजार है।

118. तीसरे देशों को इसके निर्यातों के संबंध में उत्तर देने वाले निर्यातक द्वारा दायर प्रश्नावली उत्तर की जांच दर्शाती है कि निर्यातक मुख्य रूप से दो देशों (*** और ***) को निर्यात करता है। इन निर्यातों का विश्लेषण दर्शाता है कि ब्राजील को किये गये निर्यात भारत को किए गए निर्यातों की तुलना में काफी अधिक थे (लगभग दोगुणा), जबकि *** को किए गए निर्यात भारत को किए गए निर्यातों की तुलना में काफी अधिक थे (50% से अधिक)। इसके अतिरिक्त, *** और *** की निर्यात कीमतें भारत की निर्यात कीमतों की तुलना में 7 और 11% कम थीं। सहयोगी निर्यातकों द्वारा इन दो देशों को निर्यात की संचयी मात्रा घरेलू उद्योग की 100 प्रतिशत बिक्री पर कब्जा करने के लिए पर्याप्त है।

छ.5 क्षति और सब्सिडी तथा क्षति के जारी रहने की संभावना संबंधी निष्कर्ष

119. रिकॉर्ड में साक्ष्य दर्शाते हैं कि यदि लागू सब्सिडीरोधी शुल्क हटाया जाता है तो सब्सिडी तथा घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति के जारी रहने की संभावना है। यह बात निम्नलिखित निष्कर्ष निष्कर्ष से स्पष्ट है :

i. संबद्ध आयात प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगने के बाद भी और देश में उत्पादन क्षमता की वृद्धि के बावजूद अत्यधिक बने हुए हैं।

ii. कीमत कटौती सकारात्मक और काफी अधिक है।

iii. आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम थी।

iv. यद्यपि, घरेलू उद्योग पहले से अपनी कीमत में ह्रासकारी कीमत का सामना कर रहा है तथापि, आयातकों से घरेलू उद्योग की कीमत में आगे और ह्रास/न्यूनीकरण होने की संभावना है।

v. घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग में 2020-21 तक वृद्धि हुई, परंतु उसके बाद गिरावट आई। पीओआई में क्षमता उपयोग में गिरावट नई उत्पादन सुविधाओं से जुड़ी तकनीकी बाधाओं के कारण नहीं है।

vi. घरेलू उद्योग अपनी क्षमताओं में वृद्धि के अनुसार अपने उत्पादन में वृद्धि नहीं कर पाया है।

vii. संबद्ध आयातों का मौजूदा सीवीडी और घरेलू उद्योग द्वारा क्षमता में भारी वृद्धि के बावजूद बाजार में एक तिहाई से अधिक हिस्सा है।

viii. आयात देश में मांग-आपूर्ति के अंतर से काफी अधिक हैं। यद्यपि, आयातों से तब तक कोई ह्रासकारी/न्यूनकारी प्रभाव नहीं पड़ रहा था, जब तक देश में मांग-आपूर्ति में अंतर था, परंतु आयातोंसे उत्पादन क्षमता में वृद्धि के बाद काफी ह्रासकारी/न्यूनकारी प्रभाव पड़ा है। चीन के उत्पादकों ने लागत में वृद्धि और उत्पपाद क्षमताओं के पूर्ण उपयोग के अनुपात में कीमत वृद्धि को रोका है।

ix. घरेलू उद्योग के लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय में जांच अवधि में भारी गिरावट आई है। ब्याज और मूल्य ह्रास पूर्व लाभ में गिरावट से पता चलता है कि यह गिरावट क्षमता वृद्धि से नहीं हुई है बल्कि कच्ची सामग्री और सुविधाओं की लागत में वृद्धि के अनुपात में अपनी कीमत में वृद्धि करने में घरेलू उद्योग की असमर्थता के कारण हुई है।

x. घरेलू उद्योग के लाभप्रदता मापदंडों में जांच अवधि के दौरान गिरावट आई है।

xi. आयातों ने जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित किया है

xii. संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का सब्सिडीकरण जारी है और काफी अधिक है।

xiii. वैश्विक मांग और संबद्ध देश में मांग के कारण चीन से आयातों में वृद्धि की संभावना है और इससे अनुचित प्रतिस्पर्धा होगी और भारत में आयातित वस्तु की मांग बढ़ेगी।

xiv. चीन जन. गण. में उत्पादकों के पास चीन जन. गण. की घरेलू मांग से काफी अधिक क्षमता है और वे काफी अधिक निर्यातोन्मुखी हैं।

xv. चीन में निर्यात योग्य क्षमता भारत की मांग का 11 गुना है।

xvi. भारी निर्यात योग्य क्षमता रखने के अलावा, संबद्ध देश में उत्पादक काफी अधिक अप्रयुक्त क्षमताओं से भी ग्रस्त हैं।

xvii. भारत निर्यातकों के लिए एक प्रमुख बाजार है क्योंकि इसमें विश्व का एक सबसे बड़ा गन्ना बागान है।

xviii. शेष विश्व को प्रतिवादी निर्यातक की निर्यात कीमत सामान्य और विशेष रूप से अपने सबसे बड़े बाजार में निर्यात कीमत भारत को निर्यात कीमत से वास्तव में कम थी। यह मात्रा अकेले ही भारत की अन्य एक तिहाई मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और प्रतिवादी निर्यातक तीसरे देशों को निर्यात से अधिक आय यहां से प्राप्त कर सकता है।

ज. क्षति की मात्रा और क्षति मार्जिन

120. विचाराधीन उत्पाद की क्षति रहित कीमत को जांच की अवधि के लिए उत्पाद की लागत से संबंधित सत्यापित सूचना/ आंकड़ों को अपना कर निर्धारित किया गया है। क्षति मार्जिन की संगणना करने के लिए संबद्ध देश से पहुंच कीमत की तुलना के लिए क्षति रहित कीमत पर विचार किया गया है। क्षति रहित कीमत का निर्धारण करने के लिए, क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्चे माल के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। उपयोगिता के बारे में भी समान उपचार किया गया है। क्षति अवधि में उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि उत्पादन की लागत पर कोई असाधारण या अनावर्ती व्ययों को प्रभारित नहीं किया गया है। क्षति-रहित कीमत पर पहुंचने के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूंजी (अर्थात औसत निवल अचल परिसंपत्तियों सहित और औसत कार्यशील पूंजी) पर एक उचित आय (कर पूर्व @22%) को अनुमति प्रदान की गई थी।

121. निर्यातकों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर सहयोगी निर्यातकों के लिए पहुंच कीमत को निर्धारित किया गया है। संबद्ध देशों से असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पहुंच कीमत को निर्धारित किया है।

122. उपरोक्त अनुसार निर्धारित की गई पहुंच कीमत और क्षति रहित कीमत के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा उत्पादकों/निर्यातकों के लिए क्षति मार्जिन को निर्धारित किया गया है और इसे नीचे दी गई तालिका में उपलब्ध कराया गया है।

क्र. सं.	देश	क्षति रहित कीमत (रु./ मी. टन)	पहुंच कीमत (रु./ मी. टन)	क्षति मार्जिन (रु./ मी. टन)	क्षति मार्जिन (%)	क्षति मार्जिन रेंज % में)
क.	चीन जन.गण.					
1.	झियांगशुई झोंगशान बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	5-15%
2.	अन्य	***	***	***	***	10-20%

झ. गैर-आरोपण विश्लेषण

123. प्राधिकारी ने इस बात की जांच की है कि क्या सीवीडी नियमों के तहत सूचीबद्ध अन्य कारक घरेलू उद्योग की क्षति का कारण बन सकते हैं। नियमों के अनुसार, अन्य बातों के साथ-साथ सब्सिडी प्राप्त आयातों के अलावा किसी अन्य ज्ञात कारकों की जांच किए जाने की भी जरूरत है, जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा रहे हैं या क्षति पहुंचाने की संभावना है ताकि इन अन्य कारकों के कारण पहुंचाई गई क्षति को सब्सिडी प्राप्त आयातों पर आरोपित न किया जा सके। जहां, वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है और कारणात्मक संबंध की मूल जांच में पहले ही जांच की जा चुकी है, प्राधिकारी ने इसकी जांच की है कि क्या किन्हीं अन्य ज्ञात सूचीबद्ध कारकों ने घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाई है या पहुंचाने की संभावना है।

क) तीसरे देशों से मात्रा और मूल्य

124. किसी अन्य देश से संबद्ध वस्तुओं का कोई आयात नहीं किया गया है और इसलिए, तीसरे देशों से आयातों के कारण कोई क्षति नहीं हुई है।

ख) मांग में संकुचन

125. 2020-21 में संबद्ध वस्तु की मांग में वृद्धि हुई और उसके बाद इसमें गिरावट आई। तथापि, जांच की अवधि के दौरान मांग में दुबारा वृद्धि हुई है। मांग में संकुचन का सुझाव देने वाली कोई सूचना रिकार्ड पर उपलब्ध नहीं है। घरेलू उद्योग को मांग में संभावित संकुचन के कारण क्षति नहीं हुई है ।

ग) <u>खपत की प्रवृति</u>

126. विचाराधीन उत्पाद के खपत के पैटर्न में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं हुआ है जिसे क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता हो ।

घ) <u>प्रतिस्पर्धा और व्यापार प्रतिबंधित प्रथाएं</u>

127. कोई ऐसी व्यापार प्रतिबंधित पद्धतियां अथवा प्रतिस्पर्धा की प्रथाएं मौजूद नहीं है जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो ।

ड.) प्रौद्योगिकी में विकास

128. संबद्ध वस्तु के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी में कोई ऐसा परिवर्तन नहीं हुआ है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

च) उत्पादकता

129. घरेलू उद्योग की उत्पादकता में कमी नहीं आई है और इसलिए उसे इस वजह से क्षति नहीं हुई ।

छ) घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन

130. घरेलू उद्योग ने निर्यात निष्पादन को घरेलू निष्पादन से पृथक कर दिया है और इस वजह से कोई क्षति नहीं हुई है।

ज) अन्य उत्पादों का निष्पादन

131. झेली गई क्षति को कंपनी के अन्य उत्पादों के निष्पादन पर आरोपित नहीं किया जा सकता क्योंकि घरेलू उद्योग ने केवल विचाराधीन उत्पाद के संबंध में सूचना को पृथक किया है और उपलब्ध कराया है।

<u>कारणात्मक संबंध के बारे में निष्कर्ष</u>

132. यद्यपि, नियमावली के अंतर्गत सूचीबद्ध अन्य ज्ञात कारकों की वजह से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है, तथापि, प्राधिकारी नोट करते हैं कि निम्नलिखित मापदंड दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति सबिसडी प्राप्त आयातों के कारण हुई है।

i. आयातों का भारतीय बाजार में सर्वाधिक हिस्सा है जबकि मांग-आपूर्ति में कोई अंतर नहीं है।
ii. घरेलू उद्योग अपनी क्षमता में वृद्धि के अनुरूप अपनी घरेलू बिक्रियों में वृद्धि करने में असमर्थ रहा है।
iii. आयातों के कारण घरेलू उद्योगकी कीमतों में कटौती हो रही है। इसके अलावा, सीवीडी जोड़ने के बाद आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से काफी तुलनीय है।
iv. पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है।
v. आयातों के कारण घरेलू उद्योग अपनी कीमतों में वृद्धि नहीं कर पाया है जो अन्यथा बढ़ गई होती।
vi. आयातों की वजह से शुल्क न होने पर घरेलू उद्योग की कीमतों में कमी होने की संभावना है।
